9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 4.00

वर्ष-12, अंक 95, पृष्ठ -12
महानगर संस्करण

D-live NewsTV
www.dabangdunia.co.in

**सुविचार**

छात्र जीवन में किसी भी प्रकार का नशा करना आत्मघाती साबित होता है।

दैनिक
# दबंग दुनिया

रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

**अंदर पढ़ें**



पेज 07

# देश की सबसे बहादुर पुलिस बलों में से है छत्तीसगढ़ पुलिस : अमित शाह

» राष्ट्रपति निशान हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण का प्रतीक : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय




**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्च के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। श्री शाह ने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान न केवल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

मुख्यमंत्री ने एंटी-नक्सल ऑपरेशनों में छत्तीसगढ़ पुलिस की सफलता पर कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। भारत सरकार की नीति के अनुरूप हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

श्री साय ने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम 4 डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1 हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15,000 पक्के आवास स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए महिला थाना, महिला हेल्प डेस्क और अभिव्यक्ति ऐप जैसे प्रयास उनकी संवेदनशीलता और जनता के प्रति उनके समर्पण को दर्शाते हैं। उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति निशान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, सेवा और कर्तव्यपरायणता का सशक्त प्रतीक है। राष्ट्रपति पुलिस निशान का यह अलंकरण न केवल पुलिस बल को गर्वित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। राज्य की पुलिस ने यह सिद्ध किया है कि वह दुजर्नों के लिए भय और सज्जनों के लिए सम्मान का पर्याय है।

## महाराष्ट्र में 33 कैबिनेट, 6 राज्य मंत्रियों की शपथ



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 23वें दिन रविवार को नागपुर में मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। फडणवीस सरकार में 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। सीएम और 2 डिप्टी सीएम समेत यह संख्या 42 हो गई। कैबिनेट में कुल 43 मंत्री शपथ ले सकते हैं। एक सीट खाली रखी गई है। फडणवीस सरकार में 19 भाजपा, 11 शिवसेना और 9 एनसीपी कोटे से मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें 4 महिलाओं (3 भाजपा, 1 एनसीपी) और 1 मुस्लिम (एनसीपी) को जगह मिली है। कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री एनसीपी की अदिति तटकरे (36 साल) और सबसे उम्रदराज मंत्री भाजपा के गणेश नाइक (74 साल) हैं। भाजपा के पंकज भोयर (PhD) सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे मंत्री हैं। शिवसेना के भारत गोगावले सबसे कम पढ़े-लिखे (8वीं पास) मंत्री है। कैबिनेट में 30-40 साल के 2, 40-50 साल के 12, 50-60 साल के 12 और 60 साल से ज्यादा उम्र के 13 मंत्री शामिल किए गए हैं।

## केजरीवाल नई दिल्ली, आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। उट आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। आप ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए है। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है। 2020 में राघव चड्ढा राजेंद्रनगर से विधायक बने थे। 2022 में उनके राज्यसभा जाने के बाद से यह सीट खाली है।

### बस्तर ओलंपिक का आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

# विकास की यशोगाथा बनेगा बस्तर ओलंपिक : केन्द्रीय गृहमंत्री शाह

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज बस्तर जिले के जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की यशोगाथा बनेगा और शांति, सुरक्षा, विकास और नई उम्मीद की नींव डालने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम देश से नक्सलवाद को पूर्ण रूप से 31 मार्च 2026 तक समाप्त करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। मां दंतेश्वरी की कृपा से बस्तर को प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वरदान मिला है। हम यहां पर पर्यटन को आगे बढ़ाएंगे। हम यहां पर छोटे-छोटे उद्योगों को आगे बढ़ाकर रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। उन्होंने बस्तर के युवाओं से कहा कि हार मानने वाला कभी नहीं जीतता। जीतता वह है जो कभी हार नहीं मानता। बस्तर के अंदर अनेक संभावनाएं हैं। यहां जो 3000 बच्चे मेरे सामने बैठे हैं उसमें से कोई बच्चा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक में गोल्ड मेडल लेकर आएगा तो पूरा भारत इस पर गर्व करेगा।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ हमने दोनों मोर्चे पर काम किया है। एक ओर वह नक्सली जो सरेंडर नहीं हुए और जो हिंसा करते थे उनके खिलाफ सुरक्षा बलों को खड़ा करके उनको मार गिराने का काम किया। जो सरेंडर हुए उनको बसाने का काम किया और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जो विकास से पिछड़ गए थे, उनको विकसित करने का अभियान भी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आशीर्वाद से राज्य में डबल इंजन की सरकार बनी और नक्सलवाद के खिलाफ हमारा अभियान तेज हुआ और नक्सल उन्मूलन की दिशा में हमें लगातार सफलता मिल रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी ने पूरे उत्साह के साथ बस्तर ओलंपिक में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया है। इस आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लिए प्रबंधन करना एक चुनौती थी, बस्तर संभाग के सातों जिलों की पूरी टीम ने इसे बखूबी पूरा किया, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से हम सभी बस्तर अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं। बस्तर ओलंपिक का यह आयोजन केवल खेल नहीं है, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि बस्तर का असली चेहरा इसकी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता है, न कि माओवाद की हिंसा। इस आयोजन के माध्यम से हमने युवाओं को शासन-प्रशासन से जोड़कर विकास के कार्यों में सहभागी बनने की ओर उन्मुख किया है। आज जब लाखों युवा इस ओलंपिक में भाग लेते हैं और अपनी ऊर्जा को खेलों में लगाते हैं, तो यह हमारे लिए एक सुखद संकेत है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक का सफल आयोजन हमें विश्वास दिलाता है कि बस्तर के युवाओं की क्षमता और उनकी शक्ति को अगर सही दिशा में प्रेरित किया जाए, तो विकास और खुशहाली का रास्ता कोई नही रोक सकता है।

## प्रदेश में समर्थन मूल्य पर हो चुकी 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर अब तक कुल 50 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन कियाजा चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राइस मिलर और घोषित हड़ताल से वापस आ रहे हैं। राइस मिलों के पंजीयन, अनुमति अनुबंध एवं मिलिंग अनुबंध में लगातार वृद्धि हो रही है। अब तक रायपुर संभाग में 14.52 लाख मीट्रिक टन, बिलासपुर संभाग में 9.76 लाख मीट्रिक टन, दुर्ग संभाग में 17.79 लाख मीट्रिक टन, बस्तर संभाग में 4.13 लाख मीट्रिक टन और सरगुजा संभाग में 3.80 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

प्रदेश में कुल 27.78 लाख पंजीकृत किसानों में से अब तक 10.66 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। इनमें 2.92 लाख लघु एवं सीमांत कृषक और 6.26 लाख दीर्घ कृषक शामिल हैं। किसानों को उनकी फसल का भुगतान तेजी से किया जा रहा है। अब तक विपणन संघ द्वारा 10,770 करोड़ रुपये की राशि अपेक्स बैंक को अंतरित की जा चुकी है। इसके तहत, संबंधित किसानों के बैंक खातों में नियमित रूप से राशि स्थानांतरित की जा रही है। किसानों की सुविधा हेतु उपार्जन केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है। साथ ही, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।






# खाद्य विभाग ने कई राईस मिलों पर किया औचक निरीक्षण, नियम उल्लंघन पर हुई कार्रवाई

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान कई राईस मिलों में अनियमितताएं पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करते हुए मिल परिसरों को सील कर दिया गया और धान व चावल जब्त किए गए।




### रायपुर जिले मे कार्रवाई

रायपुर जिले में आर.टी. राईस मिल (प्रो. प्रमोद जैन) का निरीक्षण किया गया, जहां खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन कराने के बावजूद अनुमति और अनुबंध का निष्पादन नहीं किया गया था। शासकीय धान का उठाव नहीं हो रहा था। निरीक्षण के दौरान 390 क्विंटल उसना चावल और 1200 क्विंटल धान फ्री सेल प्रयोजन हेतु पाया गया, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 का उल्लंघन है। टीम ने मिल परिसर को सील कर दिया। धान चावल जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे, नायब तहसीलदार राजेन्द्र चन्द्राकर, और सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती बिंदु प्रधान सम्मिलित थे।

### गौरी राईस मिल मे अनियमितता

रायपुर में ही गौरी राईस मिल (प्रो. मुकेश अग्रवाल) में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अनुबंध के तहत भारतीय खाद्य निगम में जमा किए जाने वाले 2272 क्विंटल चावल के मुकाबले केवल 872 क्विंटल चावल ही मिल में पाया गया। इसके अतिरिक्त, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए अनुबंध निष्पादित करने के बावजूद शासकीय धान का उठाव नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग आदेश 2016 के उल्लंघन के चलते टीम ने मिल को सील कर दिया।

### गरियाबंद जिले मे जांच और कार्वाई

गरियाबंद जिले के दातान राईस मिल (प्रो. गफ्फु मेनन) में निरीक्षण के दौरान शासकीय धान और चावल के स्टॉक में कमी पाई गई। जिला खाद्य अधिकारी और जिला विपणन अधिकारी ने मौके पर कार्यवाही करते हुए मिल को सील कर दिया।

### अन्य जिलो मे दबिश

इसके अलावा महासमुंद जिले में श्रीवास्तव राईस मिल, नारायण राईस मिल, माँ लक्ष्मी राईस मिल, धमतरी जिले में आकांक्षा राईस मिल और राजनांदगांव जिले में अतुल राईस मिल पर जांच टीम ने दबिश दी। इन मिलों में भी नियमानुसार जांच की जा रही है। खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि धान के उठाव और कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने वाले राइस मिलर के खिलाफ जांच और कार्वाई की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी ।

Scanned with OKEN Scanner

# बीच बाजार हमला करने वालों पर दो माह बाद भी कार्रवाई नहीं

## पीड़ित ने लगाई गुहार, मुख्यमंत्री के जनदर्शन में करेगा शिकायत

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

बीच बाजार हमला करवाने के साजिशकर्ताओं पर अपराध पंजीबद्ध नहीं किए जाने से पीड़ित व्यथित है। उसने कहा है कि उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो वह परिवार सहित मुख्यमंत्री के जनदर्शन में उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाएगा।

पीड़ित का कहना है कि हरदी बाजार थाना अंतर्गत ग्राम मलगांव को एसईसीएल की दीपका परियोजना ने अधिग्रहित किया है। मुआवजा भी बनकर तैयार हो चुका था, किंतु इसी बीच तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के स्थानांतरण के पश्चात कटघोरा में पदस्थ महिला अनुविभागीय अधिकारी के साथ मिलकर श्यामू जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, गुलशन जायसवाल, हीरामणि जायसवाल और मनोज गोभिल ने पूरे गांव के बने मुआवजा राशि में लगभग 5 करोड़ रूपए को कटवाकर अपने निजी पारिवारिक



संबंधियों के नाम कूटरचित ढंग से प्राप्त कर लिया। ग्राम वासियों का कहना है कि जिन व्यक्तियों के नाम मुआवजा डाला गया ,उन व्यक्तियों का ग्राम मलगांव से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं है, जो मलगांव निवासी भी नहीं हैं। उक्त फर्जी मुआवजा की जब ग्रामवासियों को खबर लगी तब तक मुआवजा को बंदरबाट कर लिया गया। इस मामले की जानकारी ग्राम के पंच जवाहर सिंह चौहान को भी हुई और उन्होंने इनके सभी फर्जी कार्यों के बहीखाता को एकत्रित कर कलेक्टर व रायपुर मंत्रालय सहित सभी जगह इसकी सूचना दी। जिसे आप जवाहर सिंह चौहान जो कि एक पैर से लकवाग्रस्त है, उसे गांव के ही संतराम चौहान ने 36 अक्तूबर को अपने साथियों सहित भरे बाजार में घेर कर जवाहर सिंह का दूसरा पैर जो सही था, उसे भी तोड़ दिया। इस घटना की हरदीबाजार चौकी में रिपोर्ट दर्ज हुए एक माह हो गया, मगर किसी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं किया गया। जिससे जवाहर सिंह दुःखी और असहाय होकर 11 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक से मिलने और शिकायत की छायाप्रति लेकर पहुंचा। पीड़ित का कहना है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने त्वरित कार्यवाही होने का आश्वासन दिया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना को लगभग एक माह से अधिक समय व्यतीत हो गया है, परन्तु आरोपीगणों के विरूद्ध थाना हरदीबाजार के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, इसी कारण आरोपीगणों के हौसले बुलंद हैं। आरोप लगाया है कि आरोपीगणों के द्वारा थाना दीपका पुलिस को प्रभावित कर लिया गया है, इसी कारण थाना दीपका के द्वारा आरोपीगणों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। उसके द्वारा दर्ज एफआईआर में आरोपीगण श्यामू जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, गुलशन जायसवाल, हीरामणी जायसवाल एवं मनोज गोभिल का नाम जोड? व उनके विरूद्ध प्राणघातक हमला एवं अनुसूचित जाति, जातिगत प्रताड?ा की धारा एफ.आई आर. में जोडकर गिरफ्तार करने की मांग की है।

# उपसंचालक पंचायत विभाग के विवादित अधिकारी का कमाल

■ पांच साल में प्रिंटर टोनर / रिफिलिंग के लिए खर्च नहीं किया कोई भी राशि

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

जमाना कंप्यूटर का है। शासकीय विभागों में काम भी कंप्यूटरीकृत हो रहा है।ऑनलाइन काम से लेकर विभागों में प्रिंटर से प्रिंट निकालकर हार्ड कॉपी रखी जाती है। मगर जिले का एक ऐसा विभाग भी है, जिसने पिछले 5 साल में पर प्रिंटर टोनर / रिफिलिंग के नाम पर एक फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं की है। सूचना के अधिकार के तहत मिले दस्तावेज में इसका खुलासा हुआ है। खुलासे के साथ ही जिला पंचायत कोरबा के अंतर्गत उपसंचालक पंचायत विभाग और विवादित उपसंचालक पंचायत अधिकारी सुर्खियों में है। यह खुलासा कहीं न कहीं बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं। अगर भ्रष्टाचार नहीं हैं तो फिर ऐसे अधिकारी को राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए नामित किया जाना चाहिए ताकि अन्य अधिकारियों के लिए यह मिसाल बन सके। सूचना के अधिकार के तहत जिला पंचायत कोरबा के अंतर्गत उपसंचालक पंचायत, कोरबा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 से कार्यालय में उपयोग हेतु खरीदे गये नये प्रिंटर टोनर / रिफिलिंग में खर्च किये गये राशि की जानकारी मांगी गई थी। जन सूचना अधिकारी द्वारा जिसका जवाब दिया गया कि जिला पंचायत कोरबा के अंतर्गत उप संचालक पंचायत, कोरबा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-2021 से आज दिनांक(21 अक्टूबर






2024) तक जिला पंचायत कार्यालय में उपयोग हेतु नये प्रिंटर टोनर / रिफलिंग की खरीदी नहीं की गयी है। सूचना के अधिकार में यह बड़ा खुलासा हुआ है। जिला पंचायत कोरबा के अधीनस्थ उप-संचालक पंचायत विभाग में लगभग 5 साल में एक भी रुपया टोनर/रिफिलिंग पर खर्च नहीं हुआ है। यह पूर्ववर्ती कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार की बड़ी उपलब्धि है। यह जानकारी उप संचालक पंचायत विभाग के अधिकारी ने स्वयं लिखित में दिया है। सवाल उठता है कि बिना टोनर और रिफिलिंग खरीदे आखिर विभाग में काम कैसे हो रहा है। यह एक चौंकाने वाला खुलासा है। कहीं ऐसा तो नहीं सही जानकारी देने के बजाय छिपाया गया हो। कहीं यह लगभग 5 साल से उपसंचालक पंचायत विभाग में बैठे अधिकारी के भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास तो नहीं है। सवाल उठता है कि अगर बिना टोनर और रिफिलिंग से जिले के पांचों जनपद पंचायत अंतर्गत 412 ग्राम पंचायत में सचिवों का काम कैसे हो रहा है, क्योंकि आज के जमाने में बिना कंप्यूटर, टोनर, रिफिलिंग सरकारी विभाग में काम संभव प्रतीत नहीं होता। अगर ऐसा हुआ है तो संबंधित विभाग के अधिकारी को राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामित करना चाहिए। जिनके द्वारा सरकारी कामकाज को हवा हवाई में कर दिए गया है। ऐसे अधिकारी छत्तीसगढ़ के पूरे जिले में खोजने से भी नहीं मिलेगा। अब देखना होगा कि प्रशासन जिले से स्थानांतरित हो चुके विवादित अधिकारी की करनी पर पर्दा डालने का काम करता है फिर सुशासन राज में जीरो टारलेंस नीति पर जांच सुनिश्चित करती है।

# विभिन्न चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों में जलाए जा रहे अलाव



दबंग दुनिया ♦ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा आज से अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठंड के इस मौसम में अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा बनेंगे।

शीत ऋतु के आगमन व बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने राहगीरों, नागरिकों को अलाव सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में रात्रि के समय अलाव जलाए जाने के निर्देश निगम के जोन अधिकारियों को दिए है, जिसके तहत निगम द्वारा कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन आदि में अलाव जलाए जा रहे हैं, ठंड से बचने के लिए लोग इन अलावों का सहारा ले रहे हैं।

**इन स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव :** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रेलवे स्टेशन कोरबा, पुराना बस स्टैण्ड, सुनालिया चौक, चिमनीभटठा, टी.पी.नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, सी.एस.ई.बी.चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, नीलाम्बरी चौक, एस.पी. आफिस तिराहा, जैन चौक, निहारिका सुभाष चौक, गुरू घांसीदास चौक, मुड़ापार बाजार, घंटाघर, बस स्टैण्ड बालको, अमरसिंह होटल के पास बालको, परसाभांठा बाजार, एन.टी.पी.सी. गेट जमनीपाली, सिंधिया चौक दर्री, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पम्प, जैलगांव चौक, वृद्धा आश्रम सर्वमंगला मंदिर के समीप ,गेवरा चौक, विकासनगर बाजार के पास, इमलीछापर चौक सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहे हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 26 से

**कोरबा।** नामदेव परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 26 दिसंबर से 03 जनवरी तक किया जा रहा है। यह दिव्य कथा वाचन कार्यक्रम प्रत्येक दिन दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा। कथा के वाचक प्रकाश शर्मा पिसौद (चांपा) होंगे, जिनकी कथाओं में गूढ़ आत्मज्ञान और श्री कृष्ण की लीलाओं का अद्भुत वर्णन होता है। कार्यक्रम स्थल एल.आई.जी. 50, शिवाजी नगर, निहारिका होगा। इस आयोजन में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा, जो जीवन के सच्चे उद्देश्य और भगवान श्री कृष्ण के दिव्य उपदेशों से अवगत कराएगी। कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और नैतिकता के सिद्धांतों को समझा जाता है, जो जीवन में शांति और समृद्धि लाने में सहायक होते हैं।

# कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर गरमाई राजनीति

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

कोसाबाडी मंडल में कौन बनेगा मंडल अध्यक्ष इसकी जोर आजमाइश और राजनीति तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के निवास स्थल कोहड़िया में भारी संख्या में भाजपा के सदस्यों ने जाकर मांग किया कि राजेश राठौर या पुनिराम साहू को कोसाबाडी मंडल का अध्यक्ष बनाया जाए।

शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे कोसाबाडी मंडल के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके निवास स्थल कोहडि?ा में जाकर मुलाकात की। कोरबा के चार विधानसभा में भाजपा के 19 मंडल आते हैं। कोसाबाडी, कोरबा, दर्री, बालको, कोसाबाडी मंडल के अंतर्गत 19 वार्ड (शक्ति केंद्र) 75 बूथ आते हैं, जो कोरबा जिले के



सबसे अधिक जनसंख्या वाले मंडल में से एक है। जिनका क्षेत्रफल भी बेहद काफी बड़ा है। कोसाबाडी मंडल के लिए पैनल में संगठन को नाम प्रस्तावित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री पवन साय तय करेंगे कि किसको कोसाबाडी के मंडल अध्यक्ष नियुक्त करना है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन कोसाबाडी मंडल को लेकर राजनीति सरगर्मी तेजी से बढ़ते जा रही है। मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्षों के लिए होता है, लेकिन वर्तमान मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वे 5 वर्षों से मंडल अध्यक्ष के पद पर बने हुए हैं। 2 वर्ष का कार्यकाल विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ाया गया था। बताया जा रहा है कि श्रम मंत्री से मुलाकात के बाद प्रदेश संगठन तक बात पहुंचाने की बात कही गई है और उन्होंने कहा है कि संगठन को मजबूती से चलने वाले अनुभवी व्यक्ति की जरूरत संगठन को हमेशा से रही है। ऐसे ही व्यक्ति को संगठन का दायित्व दिया जाएगा। बताया जाता है कि राजेश राठौर के पक्ष में बड़े नेता हैं। उन्हें संगठन का काफी अनुभव है। लंबे समय से संगठन में भाजपा को मजबूत करने के लिए काम करते रहे हैं। जिसका फायदा संगठन को मिल सकता है।

# गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन टी.पी. नगर सतनाम भवन में

■ तीन दिवसीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे प्रदेश स्तरीय नेता

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी कोरबा सतनामी कल्याण समिति द्वारा त्रि-दिवसीय (17,18,19 दिसम्बर 2024) को परम पूज्य गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन टी.पी. नगर सतनाम भवन कोरबा में आयोजित होगा है।कोरबा सतनामी समिति के पदाधिकारीयों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि उदघाटन समारोह 17 दिसंबर 2024 को भव्य शोभा यात्रा सीतामणी चौक ईमलीडुग्गू से प्रारंभ होकर नगर कोरबा से भ्रमण करते हुए विभिन्न प्रकार के कला का प्रदर्शन करते हुए समाज के लोग इसमें भाग लेंगे।पूरे जिले के समाज



के प्रमुख युवा वर्ग एवं प्रमुख समाजिक कार्यकर्ता, कोरबा सतनामी समाज कल्याण के सदस्य, सतनामी समाज के राजमहंतगण, शोभा यात्रा में सामिल होकर समाज का शोभा बढ़ायेंगे। वही शाम को 8 बजे जयंती का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रारंभ किया जायेगा। वही 18. दिसंबर 2024, दिन-बुधवार को जयंती का मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन तथा अध्यक्षता अरूण साव उपमुख्यमंत्री साथ ही विशिष्ट अतिथि लखन लाल देवांगन श्रम उद्योग, वाणिज्य कर मंत्री छ.ग. शासन, चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छ.ग. विधानसभा, ज्योत्सना चरण दास महंत सांसद कोरबा , जय सिंह अग्रवाल पूर्व मंत्री छ.ग. शासन।विशिष्ट अतिथि फूलसिंह राठिया विधायक रामपुर, प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा, तुलेश्वर मरकाम विधायक पाली तानाखार, श्रीमती शिवकला कंवर अध्यक्ष जिला पंचायत, राजकिशोर प्रसाद महापौर, यू.आर. महिलांगे अध्यक्ष सतनामी कल्याण समिति,आर.पी. खाण्डे राष्ट्रीय अध्यक्ष शिष्टा, डॉ. राजीव सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा, हितानंद अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष न.पा.नि., नरेन्द्र देवांगन महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा, सुश्री रितू चौरसिया पार्षद वार्ड क्र. 13 की अतिथ्य में जयंती सम्पन्न होगा। वही समापन समारोह 19. दिसंबर 2024, दिन- गुरूवार को एस. के. बंजारा मुख्य कार्यपालक निदेशक सी.एस.ई.बी. कोरबा मुख्य अतिथि होंगी। तथा अध्यक्षता यू. आर. महिलांगे करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि में डी.आर. जाटवर ,रामचन्द्र पाटले, सुनिल पाटले, नारायण लाल कुर्रे, किर्तन लाल भारद्वाज, संत दास दिवाकर राज महंत, जे.पी. कोशले राज महंत,कला राम कुर्रे राज महंत, अमरनाथ बंजारे जिला महंत आदि के अतिथ्य में समापन समारोह का आयोजन सम्पन्न होगा। वही विशेष तीन दिवसीय कार्यक्रम मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पंथीनृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। एवं समाज के अच्छे कार्यकर्ता को समिति के द्वारा दिनांक 19 दिसंबर 2024 को समापन समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

# 28 फरवरी तक पशु पक्षियों के सर्वे का पूरा करना है काम

दबंग दुनिया ♦ कोरबा

देश में 21वीं पशुधन संगणना का काम शुरू हो गया है। जिले में भी माह अक्टूबर से इसकी शुरूआत हो गई है। पशु संगणना देश में हर पांच साल में की जाती है। यह पशुपालन क्षेत्र में नीति निर्माण और विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए जरूरी होता है। इससे देशभर के पालतू पशुओं और पक्षियों के बारे में विस्तृत आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। फिर इसी आधार पर सरकार आने की योजनाएं बनाती है और बजट तैयार किया जाता है। 28 फरवरी तक सर्वे का काम पूरा करना है। जिले में सुपर वाइजरों और प्रगणकों की टीम बनाई गई है जो घर-घर जाकर पशुपालकों और उनके पास कौन-कौन से पालतू पशुधन हैं, इसकी जानकारी जुटाएंगे।

पहली बार सर्वे ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन मोड में भी हो रही है। प्रगणक मोबाइल एप में डाटा फीड कर रहे हैं।सर्वे में आवारा व पालतू दोनों पशुधनों का अलग-अलग रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। किस गांव में कितने गाय, बैल, भैस, बकरी, सूअर, आवारा मवेशी और श्वान है, इसका अलग-अलग रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इसके अलावा इस बार चरवाहा समूह भी अलग से तैयार किया जाएगा। इनमें उन पशुधन का रिकार्ड अलग से बनेगा जो जिले में बाहर से पशु-पक्षी लेकर आते हैं जैसे ईट भों में काम के लिए एपी के लोग खच्चर लेकर जिले में आते हैं। इसी तरह ऊंट,भेड़, हाथी बाहर से लेकर आने वाले पशुधनों की गणना भी इस बार होगी। इससे पहले तक इनकी गणना नहीं की जाती थी। इसके लिए सभी सुपरवाइजर और प्रगणकों को ट्रेनिंग दी गई थी। जिले में कुल 16 प्रजाति के पशु-पक्षियों की गणना हो रही है। इसमें पहली बार ऐमू पक्षी को भी शामिल किया गया है। कुल 16 प्रजातियों में गाय, भैंस, बकरी, सुअर, ऊंट, घोड़ा, खच्चर, गधा, श्वान, खरगोश, याक, हाथी, बतख, टर्की, बटेर, गिनी फाउल, शुतुरमुर्ग और एमु जैसे पोल्ट्री पक्षियों की गिनती भी घर-घरेलू, उद्यमों, गैर घरेलू संस्था से होगी। सिर्फ तोता और मैना को संगणना में शामिल नहीं किया गया है।

## आर्ट आफ लिविंग की आगामी प्रोग्राम हैप्पीनेस को लेकर हुई बैठक

दबंग दुनिया ♦ खरसिया

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार खरसिया समय समय पर कुछ ना कुछ कार्यक्रम आयोजित करते रहता है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते श्री राम मंदिर परिसर में 19 से 22 दिसंबर तक होने वाले हैप्पीनेस प्रोग्राम को लेकर एक परिचय आयोजित किया गया जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग की वालेंटियर विभा अग्रवाल ने बताया कि कैसे हम खुश रहकर औरों के जीवन में खुशियां ला सकते हैं यह पूरा विश्व अपना परिवार है हमे सभी में अपनत्व का भाव लाना होगा साथ ही उनके द्वारा श्री श्री रविशंकर जी के बताए हुए प्राणायाम और ध्यान कराया गया उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल महिला समिति की अर्चना गर्ग, रजनी अग्रवाल, प्रीति गिरधर अग्रवाल और इनकी पूरी टीम उपस्थित रहकर अपनी अपनी सहभागिता दर्शायी और 19 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में सभी सदस्यों की उपस्थिति का आश्वासन भी दिया।

## ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**कोरबा।** निमार्णाधीन तीसरी मंजिल में प्लास्टर कार्य में लगे एक मजदूर पैर फिसलने से करीब 35 फीट नीचे जमीन में गिर गया। सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत गई। घटना नगर के वार्ड क्रमांक 5 की है।

# गांव के गौरव कार्यक्रम के तहत अग्निवीर चयनित सैनिक निकेश ने दिए बच्चों को सफलता के टिप्स

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

नरेंद्र मोदी सरकार की सबसे सफलतम योजनाओं में शुमार अग्निवीर योजना के तहत वर्तमान में सैनिक भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कराई जा रही है। इसी चरण में विगत वर्ष चयनित पंडित राम सरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटरा के होनहार विद्यार्थी निकेश कुमार जी का गांव के गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अनुराग तिवारी ने आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में एक सामूहिक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के बारे में छात्रों को अवगत कराना तथा अग्निवीर की चयन प्रक्रिया में सफलता कैसे प्राप्त करें इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करना। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में निकेश कुमार ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को मिष्ठान वितरित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने बच्चो की सामूहिक सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया जिनके कारण उनको यह सफलता प्राप्त हुई। निकेश कुमार ने अग्निवीर प्रक्रिया के बारे में बच्चों को बताते हुए कहा कि उनकी



अभिलाषा थी कि वे सैनिक के रूप में देश की सेवा करें। सेना में जाने का उनका जज्बा बचपन से ही था इसके लिए उन्होंने कठोर परिश्रम किया वे सुबह रोज 4:00 बजे ही उठ जाया करते थे। इसके बाद प्रतिदिन 5 किलोमीटर की दौड़ करते थे,और सबसे बड़ी बात उन्होंने यह बताइ कि आर्मी एप के माध्यम से उन्होंने रिटर्न एग्जाम की तैयारी की। इस ऐप के द्वारा वे रोज 12 घंटे की पढ़ाई अपने घर पर ही रहकर करते थे। बच्चों ने निकेश कुमार के सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और कई प्रकार के प्रश्न उन्होंने निकेश कुमार जी से किये। विद्यालय के व्याख्याता अनुराग तिवारी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निकेश का चयन हम सबके लिए गर्व की बात है हमारा विद्यालय एक ऐसा विद्यालय रहा है जिसमें प्रोफेसर से लेकर सैनिक तक में भर्ती होने वाले कई युवाओं का चयन हो चुका है। इन सब में यहां के शिक्षकों और विद्यालय परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। पालकों की मेहनत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता,जिनके सहयोग से हम विद्यार्थियों को उनकी मंजिल पहुंचाने में मदद कर पा रहे हैं। विद्यालय में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता महावीर विजर्सन ने कहा कि उनके ग्राम महंत में इस प्रकार की तैयारी करने वाले अनेक युवा सुबह समय मेहनत कर पसीना बहाते नजर आ सकते हैं हम सबको निकेश कुमार से प्रेरणा लेते हुए, अग्निवीर सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव, उमेश चौबे, मकरम कमलाकर, लोकपाल सिंह, काजल कहरा, भुवनेश्वरी कश्यप संदीप कुमार कश्यप, सहित विद्यालय के अनेक कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने मेरा गौरव कार्यक्रम की सराहना की।

Scanned with OKEN Scanner

# चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जाना

दबंग दुनिया ♦ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देने के लिए चित्र प्रदर्शनी लगाई है। चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

जशपुर जिले में रणजीता स्टेडियम चौक के पास 13 से 14 दिसंबर 24 तक दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को दी गई है। प्रर्दशनी का अवलोकन करने वाले फरसाबहार विकास खंड के नवीन कुमार, बसंत कांसाबेल विकास खंड के पाकरटोली निवासी श्री रूपेश साय ने बताया कि वे अभी कालेज में पढ़ाई कर रहे हैं। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। प्रदर्शनी का अवलोकन करके अच्छा लगा और बहुत सारी ज्ञानवर्धक जानकारी भी मिला है। तैयारी करने के लिए योजना से संबन्धित पुस्तिका भी मिला जिसके उनको अब तैयारी करने में आसानी होगी। पत्थलगांव विकास खंड के जय प्रकाश पैंकरा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत अनेक अच्छी योजना संचालित की जा रही है। इसकी जानकारी विस्तार से उनको यहां आकर मिला है। और लोगों को भी इसकी जानकारी देने की बात कही। प्रर्दशनी का अवलोकन जशपुर गिराग के नंनकू राम , कुलविंदर, बाबूलाल, कुनकुरी के जावेद, भागलपुर जशपुर के अलका कुजुर ने भी अवलोकन किया।

प्रर्दशनी स्थल मे एलईडी स्क्रिन के माध्यम से




भी उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पुस्तक, ब्रोसर, बुकलेट का भी वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना से लाभान्वित हुए जनजाति परिवारों भी दशार्या गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना किस तरह से लोगों के पक्के आशियाने को पूरा कर रही है इसे भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय का प्रयास से 220 बिस्तर का अस्पताल, 400 केवी विद्युत सब स्टेशन, पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर ले रहा नया रूप, एडवेंचर, इको-टूरिज्म टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई है मायली नेचर कैंप का किया जा रहा है विकास को भी प्रदर्शित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए महत्वपूर्ण कद महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना से समृद्ध होते किसान, छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया बना न्योता भोजन, पीएम जनमन योजना, योजना से लखपति दीदी की राह पकड़ती महिलाएं स्व सहायता समूहों से सशक्त होती महिलाएं, मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया बनी लोगों का आशा का केंद्र, बिजली व्यवस्था को सुदढ़ बनाने सरकार के किए जा रहे कार्यों, कैंप कार्यालय से मरीजों को तत्काल मिल रहा है सहायता अब तक 1023 मरीज को मिला स्वास्थ्य लाभ, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों में व्यापक उत्साह, विष्णु के सुशासन में तेजी से बदल रही गांव की तस्वीर, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित सभी योजनाओं का दिया जा रहा लोगों को लाभ मधेश्वर पहाड़ को मिला शिवलिंग की विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति होने का गौरव, लार्जेस्ट नेचुरल शिवलिंग के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम सहित अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है।

## नगरदा में आज होगा जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता

दबंग दुनिया ♦ सारंगढ़ बिलाईगढ़

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा इस वर्ष जिले में 16 दिसंबर को अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम नगरदा में प्रातः 11 बजे से हॉयर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया है, जिसमें वर्ण भेद रहित, सामूहिक भोज, सम्भाषण एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम किया जाना है। इस दौरान लोकनृत्य (पंथी दल) का प्रदर्शन भी किया जायेगा, जिसके दलों में से एक दल का चयन भी किया जाना है, जिसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु जिले से भेजा जायेगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने इस कार्यक्रम में पंथी नृत्य दलों को प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया है। यह गरिमामयी अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाज सेवियों, पत्रकार बंधुओं एवं प्रबुद्धजनों तथा जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

## सेवा सुंगधम समिति ने किया आडिल हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टरो और समस्त स्टाफ का सम्मान

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा

सेवा सुगंधम संस्थान रायपुर के द्वारा निरंतर 1993 से सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठन द्वारा किए जा रहे अतुलनीय कार्यों एवं अपने नगर राज्य के प्रति समर्पित होकर जनहित के कार्यों को करने वाले समूहों एवं व्यक्तियों का निरंतर सम्मान समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय जी करते आ रहे है। जिसके माध्यम से भाटापारा के प्रसिद्ध आडिल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. विकास आडिल, डॉ. विक्रम आडिल, डॉ. कृष्ण कुमार आडिल, डॉ. चंद्रकांत आडिल, डॉ. मेघा आडिल, डॉ. पूनम आडिल सहित आल हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ के लोगों का सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के द्वारा ₹सतत सेवारत सम्मान समारोह₹ 2024 प्रमाण पत्र एवं भेंट प्रदान कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को विशेष अलंकृत कर सम्मान किया गया एवं निरंतर समाज देश नगर के लिए इसी तरह से कार्य करते रहने के लिए उत्साहित किया गया। वही डॉ. विकास आडिल मुख्य चिकित्सक आडिल हॉस्पिटल के द्वारा संबोधन में कहा गया की डॉक्टरों के लिए बहुत कम समय ही आता है जब उनका उत्साहवर्धन




किया जाता है, हमेशा नकारात्मक भावनाओं का सामना करना पड़ता है लेकिन कुछ पल सम्मान के जो मिलते हैं वह हमें उत्साहित करते हैं की निरंतर अपने कर्तव्य जिम्मेदारी को निभाते हुए समाज के लिए कार्य करते रहें, जिसके लिए हम सेवा सुगंधम समिति के समस्त सदस्यो एवं संस्थापक टिकेंद्र जी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित करते हैं । सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर के द्वारा निरंतर अच्छे कार्यों को करने वालों का सम्मान किया जाता रहा है उसके साथ ही गरीब कन्याओं के विवाह के आयोजन लगातार करते आ रही है । जिसमें विकलांग एवं आर्थिक रूप से अक्षम कन्याओं का विवाह समय पर करते रहते हैं । जिसके आगामी कड़ी में 20 तारीख को एक गरीब कन्या का विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । अपने कार्यों के साथ समाज में सामाजिक भागीदारी सेवा सुगंधम समिति निभा रही है ।

## 297 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

**बलौदाबाजार**। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाइवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 16 दिसम्बर 2024 को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 297 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह ग्यारह बजे से तीन बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा द्वारा बीमा अभिकर्ता के 20 पद, बीमा सखी सिर्फ महिला के 20 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 70 वर्ष वेतन पदानुसार 6 हजार से 7 हजार एवं कमिशन देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा होगा। मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के एक पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं 6 माह का अनुभव, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, 10 पद महिला गार्ड हेतु, मार्केटिंग पुरूष के 08 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 04 पद, कारपेंटर पुरूष के 04 पद, सुपरवाइजर पुरूष के 05 पद, शैक्षणिक योग्यता से पांचवी, आठवी से स्नातक उत्तीर्ण, वेतन 10 हजार से 20 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पॉइंट रायपुर रायपुर द्वारा एक्सक्यूटीव के 30 पद, सुपरवाइजर के 30 पद, मैनेजर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 22 से 45 वर्ष, वेतन 9 हजार से 20 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ होगा।

## पालीटेक्निक कालेज बलौदाबाजार में हुई वाद विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार द्वारा सुशासन और शासन व्यवस्था पर केंद्रित स्व. करूणा शासकीय पॉलीटेक्निक बलोदाबाजार के सेमिनार हॉल में 10 दिसंबर को वाद विवाद एवं 12 दिसंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफलता पूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का सुरुआत संस्था के प्राचार्य डॉ. आर. के. अग्रवाल एवं कार्यक्रम के संयोजक गणेश राम, व्याख्याता यांत्रिकी के प्रस्तावना उत्बोधन उपरांत प्रारंभ किया गाया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में सुशासन की दिशा में किए गए प्रयासों को विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्ण हिस्सा लिया। वाद विवाद के दौरान प्रतिभागियों ने राज्य सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए विकास कार्यों, सुशासन संबंधी पहलों और आगामी चुनौतियों पर अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों ने राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों से संबंधित प्रश्नों के साथ साथ सुशासन व्यवस्था के भी




के उत्तर दिए। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिविल ब्रांच के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अभिषेक कुर्रे तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यांत्रिकी ब्रांच के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी भुपेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त विद्यार्थी मौजूद थे।

## कमिश्नर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे प्रदेश व्यापी धान खरीदी के तहत गुरुवार को जिले के सिमगा स्थित दामाखेड़ा धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर, टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच किया। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया। इस दौरान कमिश्नर ने धान उठाव में तेजी लाने का निर्देश संबधित अधिकारियों को दिया है। जिस गति से खरीदी कार्य पूरी होती है। ठीक उसी गति से उठाव भी करे। इस दौरान कमिश्नर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर



धान उत्पादन करता है। किसान की मेहनत का वाजिब दाम मिले और उनके काम का सम्मान हो। इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके। उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए। ऐसा ना हो कि कोई किसान धान बेचने के लिए आए और उसे अनावश्यक रूप से अधिक समय तक रूकना पड़े। रायपुर संभागायुक्त श्री कावरे ने उपस्थित किसानों, फड़ प्रभारी,मजदूरों अन्य ग्रामवासीयों से बातचीत की बातचीत के इस दौरान उन्होंने ग्राम दामाखेड़ा निवासी कृषक मनमोहन साहू को टोकन तूहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त टोकन का भी अवलोकन किया। साथ ही साहू ने संभागायुक्त श्री कावरे को बताया कि मुझे धान बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। इस दौरान श्री कांवरे ने माइक्रो एटीएम व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को तत्काल धान बेचते ही बड़ी आसानी से नगद का आहरण करने में सुविधा मिलती है। आवश्यक बैंक में लाइन लगाने की जरूरत नहीं होती है। मौके पर उपस्थित कृषक जितेंद्र साहू, ग्राम अड़बंधा द्वारा माइक्रो एटीएम के माध्यम से राशि का आहरण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा,तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा,खाद्य अधिकारी,नोडल अधिकारी श्री साहू, डीएमओ एवं डीआरसीएस प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शर्मा सहित संबंधित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 67 हजार 396 किसानों से 2 लाख 87 हजार 717 में.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसान पंजीकृत है। जिसके तहत इस वर्ष 9 लाख 62 हजार 910 में.टन खरीदी अनुमानित है।

## कौवाडीह में विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला का आयोजन

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

विकासखंड पलारी के ग्राम कौवाडीह में शनिवार को विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न ग्रामों से आये हुए कुल 85 पशु पालको एवं ग्रामीण जनों के द्वारा लगभग 300 पशुओं का पंजीयन कराकर पशु प्रदर्शनी में भाग लिया गया। इस दौरान गौ पूजन एवं पशु पलकों का सम्मान किया। पशु प्रदर्शनी मेले में दुधारू गाय, बैल, भैंस, स्वस्थ बछड़ा , उन्नत संकर बछिया , बकरी बकरा, मुर्गी मुर्गा एवं सुकर कुल 8 वर्गों में प्रतियोगिता करायी गयी। प्रत्येक वर्गों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं



सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर पशु पालकों एवं 15 चरवाहों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रवीण धुरंधर, पूर्व मण्डी सदस्य सनथ वर्मा, डॉ रश्मि लता राकेश, डॉ रूपेश बघेल, विकास खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निर्मल चेलक, डॉ श्वेता बंजारा, डॉ चंदन कुर्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से सम्मानित हुए कवि शशिभूषण स्नेही



दबंग दुनिया ♦ सारंगढ़ बिलाईगढ़

ग्राम-कैथा निवासी सुविख्यात साहित्यकार कवि शशिभूषण स्नेही जी को 13 दिसम्बर को राजधानी रायपुर के कबीर चौक स्थित वृंदावन हाल में रुपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देश्यीय संस्था एवं स्व सहायता समूह उरला सदस्य परिवार के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में उनके छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ी अस्मिता को समर्पित साहित्य लेखन हेतु 'छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया इसके पूर्व भी स्नेही जी को उनके साहित्यिक योगदान एवं उपलब्धियों हेतु दर्जनों विशेष साहित्यिक सम्मान प्राप्त हो चुका है। अंचल एवं परिक्षेत्र भर के जनमानस एवं उनके शुभचिंतकों ने उनके इस उपलब्धि हेतु उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किये है।

उक्त सम्मान समारोह में आस्ट्रेलिया से श्रीमती अंजू देवांगन, वरिष्ठ साहित्यकार गिरिश पंकज, वैभव बेमेतिहा सहित अनेकों लब्धप्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही जहाँ विविध क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने वाले कलाकारों, साहित्यकारों, पत्रकार,विभिन्न समितियों, वाइस कलाकर, चित्रकार, चिकित्सकों आदि को सम्मानित किया गया संस्था की अध्यक्षा सुश्री शांता शर्मा जी ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित सभी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

## महिला कांग्रेस का एक दिवसीय मौन धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर में

दबंग दुनिया ♦ फिंगेश्वर

प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम जी के निर्देशानुसार व प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल जी के आदेशानुसार फिंगेश्वर ब्लॉक महिला कांग्रेस के नेतृत्व में एकदिवासीय मौन धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर में किया गया। ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता सिंन्हा ने कहा वर्तमान डबल इंजन भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल को कुशासन और बदहाली का साल करार दिया जिसमें छत्तीसगढ़ की जनता- किसान त्राहिमाम करने मजबूर हैं महिलाएं भय के वातावरण में जीने को मजबूर है मुख्यमंत्री के गृह जिले में 15 साल की एक नाबालिक बच्ची के साथ गैंगरेप घटना को अंजाम दिया जाता है वही बालोद में भी एक नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आता है बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के नारा लगाने वाले की




आंखों के सामने यह सारी घटनाएं घट रही हैं लेकिन अपनी सरकार के साख बचाने के लिए आंख बंद करके बैठे हैं और आंकड़े पर आंकड़े खेलते रहते हैं।

जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, वरिष्ठ पार्षद कमलेश यदु,अनिल चंद्राकर टिकेश साहू ने कहा वर्तमान समय में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है आए दिन हत्या लूट डकैती गैंगवार गोलीबारी चाकू बाजी नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गई है। कलेक्टर एसपी कार्यालय तक जलाया जा रहे हैं एक साल मोदी की गारंटी हुई फेल महिलाएं जो गौठानों के माध्यम से अपनी आजीविका कमा रही थी उनके रोजगार को छीनने का भाजपा की सरकार ने किया है पिछले 1 साल के दौरान बिजली के दरों में चार-चार बार वृद्धि की गई घोषित तौर पर बिजली कटौती जारी है पिछले 1 साल में भाजपा सरकार का संरक्षण जमा खोरो और विचारों जिसके चलते रेप की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है ऑनलाइन सट्टा चालू है गांव गांव शराब की अवैध बिक्री जोरों पर हैं। प्रदेश के सभी किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही टोकन, बारदाना, नमी उठाव से लेकर तौलाई में गड़बड़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। रेडी टू ईट का भुगतान बंद है इस सरकार में हर वर्ग पीड़ित है और तो और आरक्षण विधायक विगत 2 वर्षों से राजभवन में लंबित हैं आज दिनांक तक ?500 में सिलेंडर का वादा झूठा निकला। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश, साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू ,महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिंन्हा ,पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पार्षद कमलेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी हरिशंकर श्रीवास्तव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी टिकेश साहू, मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरीलाल वर्मा ,सरपंच सुंदर साहू, पूर्व समिति अध्यक्ष देवानंद साहू, ब्लॉक सचिव गुंजू यादव, रूपेश साहू, सेक्टर अध्यक्ष रूद्रेश सिंह, चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष जगन्नाथ साहू, महिला नेत्री रोहिणी साहू ,वरिष्ठ कांग्रेसी चित्रसेन डड़सेना,कस्तूरी तारक, जानकी निर्मलकर, पूर्व जनपद सदस्य केदार ध्रुव, सेक्टर अध्यक्ष सुदामा वर्मा, रमेश साहू, देवकी साहू, कृष्णा साहू ,कांतिबाई तारक ,दुलारी साहू ,तारा कंवर, अमृत निषाद ,ईश्वरी यादव, घुरुवा निषाद ,शांति सिंह, बबीता साहू ,रेखा साहू ,यशवंत साहू ,बिंदा साहू ,सरस्वती साहू, राधा साहू, शांति साहू, बसंती साहू ,समरी साहू, शारदा साहू, बिशानी साहू इत्यादि सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# विष्णुदेव सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर केदार कश्यप पहुंचे दंतेवाड़ा, गिनाई उपलब्धियां

## विष्णुदेव सरकार का एक वर्ष विश्वास एवं जन-जन के विकास का : मंत्री केदार कश्यप

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा




विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर केदार कश्यप-वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन व प्रभारी मंत्री दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने भव्य व जोशीला स्वागत किया ` मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी के करकमलों से जिला प्रशासन के द्वारा जिला खनिज न्याय निधि के मद से जिले के अंदरूनी गावँ के स्व सहायता समूह के दीदीयो के स्वरोजगार व ग्रामीणो के आवागमन सुविधा हेतु टाटा मैजिक वाहन का चाबी सौंप कर वितरण किया गया ` जनादेश परब कार्यक्रम के तहत जिला प्रशाशन द्वारा आयोजित प्रेससवार्ता में सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों से मंत्री व मुख्य अतिथि केदार कश्यप ने मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया` मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी को सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। सुशासन की स्थापना के लिए हम तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। सुशासन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमारी सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण नाम से नया विभाग बनाया है। विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के लोगों को जो गांरटियां दी थी, उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने एक वर्ष की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिया है।

हमारी सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकार्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसान भाई-बहनों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण भी किया। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही हमारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रूपए अंतरित किए जा चुके हैं।

जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की।

लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल करने के साथ-साथ पांच साल के एरियर्स का भुगतान भी किया। इस तरह हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है।

नक्लसवाद का सफाया, दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचा लोकतंत्र- पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश में नक्सलवाद का तेजी से उन्मूलन किया गया है। सरकार ने दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया करने का संकल्प लिया है। बीते एक वर्ष में 213 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गयाा है। करीब 1750 नक्सलियों को या तो आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया गया है या फिर उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। हमारी एक बड़ी कामयाबी यह भी है कि हम नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुँचाने में सफल हुए।

हमने नक्सल क्षेत्रों में बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू कराया है, बस्तर में बस्तर ओलंपिक का आयोजन करके हमने वहां के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा है प्रेससवार्ता के पश्चात मंत्री केदार कश्यप ने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया एवं कुशलछेप जाना। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधिगण,कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

# उद्यानिकी मित्रों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**बीजापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के सभागार में चिराग परियोजनान्तर्गत उद्यानिकी मित्रों का 10 से 14 दिसम्बर 2024 तक 05 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखण्ड से 20 एवं भैरमगढ़ विकासखण्ड से 20 प्रशिक्षणार्थीगण सम्मिलित हुए। इस 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यानिकी मित्रों को चिराग परियोजनान्तर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं एवं उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा उद्यानिकी फसलों, एकीकृत कृषि प्रणाली, ड्रिप-एरीगेशन सिस्टम, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं लाभ, कीटनाशक, फफूदनाशक, फेरोमोन ट्रेप, ग्रीन नेट शेड के उपयोग, जैविक खाद, यूरिया के प्रयोग लाभ एवं तरल उर्वरक एवं जैव उर्वरक इत्यादि विषय में उद्यानिकी मित्रों को विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। साथ ही उद्यानिकी महाविद्यालय जगदलपुर के डॉ. विकास रामटेके, वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कोण्डागांव के वैज्ञानिक डॉ. सुरेश मरकाम के द्वारा ऑनलाइन माध्यम में उद्यानिकी मित्रों को उद्यानिकी फसल उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उद्यानिकी मित्रों को प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन परीक्षा एवं प्रशिक्षण पश्चात मूल्यांकन परीक्षा लिया गया जिसमें सभी परीक्षाणार्थी उत्तीर्ण हुए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि संबंधी विभागों के अधिकारी श्री पीएस कुसरे उप.संचालक कृषि, श्री अरुण सकनी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री रामचन्द्र राव सहायक संचालक उद्यानिकी, श्री दामोदर यालम मत्स्य अधिकारी, श्री बीके ठाकुर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, श्री एके ओयाम, कार्यक्रम सहायक, डॉ. डीके मरापी प्रक्षेत्र प्रबंधक, श्री रमेश मरकाम उद्यानिकी अधिकारी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहभागिता प्रदान किया।

## जिले में अब तक 182 उपार्जन केंद्रों में 64029 किसानों से 325283.84 टन धान खरीदा गया

**महासमुंद।** राज्य शासन के मंशानुरूप, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी अभियान जोर-शोर से चल रहा है। यह अभियान किसानों को उनके धान को समर्थन मूल्य पर बेचने की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदने की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का कार्य कर रहा है। नोडल अधिकारी श्री आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में 11 दिसम्बर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 64,029 किसानों से 3,25,283.84 टन धान खरीदी गई है। इसके बदले में किसानों को 748 करोड़ 15 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। इसके साथ उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में अब तक एक करोड़ 39 लाख 93 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हो चुका है।

# जिला जेल परिसर उमरिया में जेल अधीक्षक डी.के सारस ने युवा टीम को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

दबंग दुनिया ♦ उमरिया



कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल उमरिया म.प्र परिसर में जेल अधीक्षक डी.के. सारस के द्वारा जय उमरिया में नाटक प्रस्तुति हेतु युवा टीम के कलाकारों विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागृति शिविर के आयोजन में सहभागिता निभाने पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जेल अधीक्षक डी.के. सारस ने कहा कि हिमांशु तिवारी व उनकी युवा टीम का कार्य सराहनीय है। जेल परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागृति शिविर आयोजित कर कैदियों को बचाव के प्रति जागरूक कर सुरक्षा का संदेश दिया। इसी क्रम में नुक्कड़ नाटक में सहभागिता निभाने वाले युवा कलाकारों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रशंसा पत्र प्राप्त करते समय युवा कलाकार हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,वर्षा बर्मन, मुस्कान महोबिया, नाशिमा खातून, खुशबू बर्मन, चांदनी पनिका,लक्ष्मी महोबिया, सुलेखा राठौर,अनीता रौतेल व सभी उपस्थित रहे।

## लेखापाल भर्ती हेतु पात्र-अपात्र की सूची जारी, दावा-आपत्ति 23 दिसम्बर तक

**कांकेर।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विकासखण्ड दुगूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा एवं नरहरपुर मे संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालयों में रिक्त लेखापाल (निश्चित मानदेय के आधार) पर भर्ती हेतु महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। महिला अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र की सूची जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कांकेर के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। इसके अलावा जिले की विभागीय वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

# व्यवहार न्यायालय केशकाल में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

दबंग दुनिया ♦ केशकाल



कोंडागांव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आम जनता को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ करवाने तथा लंबित विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के उद्देश्य से व्यवहार न्यायालय केशकाल में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ।

इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमति अंजली पाण्डेय के समक्ष बैंक सम्बंधित 436 प्रकरण आए, जिसमें प्रकरणों का निराकरण नहीं हुआ। चेक बाउंस 18 प्रकरण आये अन्य प्रकरणो 35 आये 35 का निराकरण हुआ।

आपराधिक 06 प्रकरण आये जिसमें 02 प्रकरणों निराकरण हुआ। जुंवा के 35प्रकरणों में से 35 प्रकरणों का निराकरण हुआ। कुल 02 प्रकरणों का तत्काल निराकरण हुआ अन्य प्रकरणो 51आये 01 निराकरण हुआ। यातायात चलान 189 प्रकरणो मे से 189 निराकरण हुआ। नेशनल लोक अदालत तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल में कुल 726 प्रकरण आये जिसमें 229 प्रकरणों तत्काल निराकरण हुआ। शेष मामलों के लिए मजिस्ट्रेट श्रीमति अंजली पाण्डेय के द्वारा अगली तारीख दी गई है। उल्लेखनीय है कि आम जनता को सहज एवं सुगम न्याय दिलवाने के उद्देश्य से 14 दिसम्बर 2024 को समूचे प्रदेश के न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में केशकाल के व्यवहार न्यायालय में भी लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण एक ही दिन मे किया गया है।

नेशनल लोक अदालत तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल श्रीमति मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता केशकाल, और समस्त अधिवक्ता एवं समस्त न्यायालय स्टाप और अधिकार मित्र, अनिल कुमार मंडावी प्रबंध कार्यलय केशकाल, रंजन कुमार बैध, ईरागांव थाना,कु चमेली यादव थाना-धनोरा,कु लैला मरकाम थाना विश्रामपुरी उपस्थित रहे।

# शासकीय बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

दबंग दुनिया ♦ महासमुंद



सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय बहु दिव्यांग विशेष विद्यालय, महासमुन्द में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बालकों के लिए कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, 200 मीटर दौड़ और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा बच्चों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता सिंह, उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, महासमुंद उपस्थित रही। उनके साथ जिला कार्यालय समाज कल्याण के अधिकारी/ कर्मचारी और संस्था के अधिकारी/ कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग बालक-बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। इस आयोजन से बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल था, और उन्हें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक अच्छा अवसर मिला।

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर छायाचित्र प्रदर्शनी को मिला अच्छा प्रतिसाद

दबंग दुनिया ♦ महासमुंद



सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आज दूसरे दिन अम्बेडकर चौक महासमुंद में जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, आमजन, महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की तस्वीरें और जानकारी प्रदर्शित की गई हैं। इसमें प्रमुख योजनाओं में पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के हितग्राहियों को दी जाने वाली सेवाएं, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, महिला सशक्तिकरण, कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि, और ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जनता के बीच सरकार की पारदर्शिता और उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से साझा करने के इस प्रयास को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन एवं अन्य प्रचार सामग्रियों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों ने सरकार के प्रयासों की सराहना की। ग्राम भोरिंग के श्री गौरव दीवान, तुमगांव के छबि निषाद ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण इलाकों में भी कार्य मिला है। गौरव दीवान ने कहा कि पीएम जनमन और जनजाति गौरव को ऊंचा उठाने के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। वहीं शहर के सावंत यादव, हीरा बाई और गोलू ने सरकार की योजनाओं को कारगार बताया। हीरा बाई ने कहा कि वे महतारी वंदन योजना की हितग्राही है और उन्हें हर माह राशि प्राप्त हो रही है। इससे वे बहुत खुश है। गोलू ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा बेहतर तरीके से पहुंचाई जा रही है। यह प्रदर्शनी उन्हें सरकार की योजनाओं और उनके लाभों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करती है।

# पीजी कॉलेज कांकेर में राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

दबंग दुनिया ♦ कांकेर




छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान मे राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 13 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से कुल 10 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव, सरगुजा, बलौदाबाजार एवं बस्तर के 200 खिलाड़ियो एवं मैनेजर/कोच ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत बस्तर के पारंपरिक नृत्य द्वारा किया गया, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भाऊ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.वी के.रामटेके के द्वारा माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया जिसमे प्रथम मैच बिलासपुर एवं कोरबा के मध्य खेला गया, जिसमे बिलासपुर की टीम विजेता रहीं जिसकी प्रसंशा मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि ने फाइनल मैच का लुफ्त उठाया फाइनल मैच रायगढ़ एवं दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमे बहुत ही रोमांचक मुकाबले में रायगढ़ टीम ने अंतिम क्षणों में निर्णायक गोल करते हुए 23/22 के अंतर से दुर्ग को पराजित कर विजेता बनी एवं मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए विजेता टीम रायगढ़ सेक्टर को बधाई दी एवं उपविजेता टीम दुर्ग सेक्टर को भविष्य में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए विजेता बनने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए खेल भावना को ध्यान मे रख कर खेलने एवं और मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहने की बात कही एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया एवं इस आयोजन के विभिन्न स्तरों जैसे कि उदघाटन, समापन, खेल मैदान की तैयारी, भोजन व्यवस्था, आवास सुविधा एवं बस्तर संभाग के सभी क्रीडा अधिकारीयों की एकजुटता एवं कार्यकुशलता की तारीफ की तथा बिना किसी व्यवधान के कार्यक्रम संपन्न कराने पर महाविद्यालय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए खेल को दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया एवं युवओ को मोबाइल गेम को छोड़ कर मैदानी खेलो को खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ.वी के रामटेके ने विजेता टीमों को बधाई दिया साथ हो खेलो मे अनुशासन का परिचय देने के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पद्मश्री अजय कुमार मंडावी, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भाऊ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.वी के. रामटेके ने किया। राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉ. अजय सिंह, बिलासपुर एवं डॉ. बोगी शंकर राव वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी कोरबा, मुकेश घोरे वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी मस्तुरी, बस्तर विश्वविद्यालय के खेल संचालक बी. एल. केंवट, एवं डॉ. नवीन कुमार सिंह वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी जगदलपुर एवं अतिथिगण डॉ. स्वामी राम बंजारे वरिष्ठ प्राध्यापक, सपन श्रीवास्तव, धीरज जायसवाल, शशांक राय, रोशन साहू, जयप्रकाश गेडाम, सुनील जायसवाल सदस्य जनभागीदारी समिति, ईश्वर कावडे कृषि सभापति कांकेर, बस्तर संभाग के समस्त क्रीडा अधिकारी एवं महाविद्यालय परिवार के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित थे।

पूरी प्रतियोगिता में मंच का सफल संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शरद ठाकुर, विजय प्रकाश साहू द्वारा किया गया, हिंदी एवं अंग्रेजी में मैच की कमेंट्री महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अर्चना सिंह एवं विजय प्रकाश साहू ने अपने कुशल अनुभव से 10 संभाग से आये समस्त मैनेजर/कोच, खिलाडियों का दिल जीत लिया एवं सम्पूर्ण प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्रीड़ा अधिकारी सुनील देव जोशी, मनीष टोप्पो, पालन दीवान, चेतन कुमार श्रीवास, हुमन राम यदु, महेंद्र रजक, नीरज कुमार पटेल, अमित सिंह मरकाम, रघुवर सिंह ध्रुव, रविन्द्र कुमार ध्रुव, मुकेश नेताम, सुन्दर लाल भुआर्य एवं प्रतियोगिता के निर्णायक सुनीता साहू, बालकृष्ण साहू, परमेश खरे, मोहनीश वर्मा, अजय ध्रुव एवं आशुतोष कुमार ठाकुर का प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत मे राज्य स्तरीय हैण्डबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के संगठन सचिव सुधीर सोवानी क्रीड़ा अधिकारी भानुप्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी का धन्यवाद किया।

Scanned with OKEN Scanner

# विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के संकल्प को पूरा करने पूरी प्रतिबद्धता से कर रहे कार्य : गोमती साय

## जनादेश परब पर सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय ने ली प्रेस वार्ता

**रायगढ़।** सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने 'जनादेश परब' पर कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा यह पहला साल सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। श्रीमती साय ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री



आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। 10 किश्तों में माताओं बहनों को 6530 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। गोमती साय ने कहा कि सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौटा है। उन्होंने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। रेल सुविधाओं में विकास के लिए लगातार मार्गों के निर्माण और रेलवे में उन्नत तकनीकों के उपयोग पर काम चल रहा हैं। यहां चौथी रेल लाइन निर्माण का काम चल रहा है, जिसका लाभ रायगढ़ के निवासियों को जल्द मिलेगा।श्रीमती गोमती साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। इस तरह हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा किया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए हम आने वाले दिनों में भी विकास के नये सोपान तय करेंगे। रायगढ़ जिले के बारे में चर्चा करते हुए श्रीमती गोमती साय ने कहा कि रायगढ़ जिले में पीएम आवास के कार्यों को पूरी तेजी से पूरा किया जा रहा है। जिले में वर्ष 2024-25 में 36 हजार से अधिक आवास निर्माण को स्वीकृति मिली है। अगले 3 माह में आवासों को पूरा करने का लक्ष्य रखकर कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना से रायगढ़ जिले की माताओ-बहनों को 249 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। बीते रायगढ़ में हुए आयोजन में यहां की बहन सरस्वती यादव के हाथों प्रदेश की सभी महिलाओं को योजना की राशि जारी हुई। कृषक उन्नति योजना से किसानों को धान बोनस की राशि प्रदान कर रहे है। रायगढ़ जिले के किसानों को 494 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। रायगढ़ में प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर बनने जा रहा है।

## बीजापुर न्यायालय में नेशनल लोक अदालत में निपटे 1918 मामले

**बीजापुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में श्री विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा, के मार्गदर्शन में श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर/पीठासीन अधिकारी, खण्डपीठ क्र.-01 बीजापुर, राष्ट्रीय लोक अदालत, बीजापुर, द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

ताजुद्दीन आसिफ, पीठासीन अधिकारी, सदस्य श्री लक्ष्मी नारायण गोटा, श्री आशिक सिद्दीकी अधिवक्ता की उपस्थिति में आपराधिक प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण का राष्ट्रीय लोक अदालत में शमन/प्ली बारगेनिंग/स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया गया।

तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर के तारतम्य में राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारो में मध्य आपसी समझौता कराकर, आपराधिक 01 प्रकरण एवं पराकाम्य लिखत अधिनियम के 01 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा जिला बीजापुर के यातायात नियमो का उल्लंघन संबंधित ट्रैफिक 827 प्रकरण तथा आबकारी विभाग से 24 प्रकरण का निराकरण कर कुल 851 प्रकरणों में शासन के पक्ष में राशि 1,06,700 रुपए राजसात किया गया है। जिला बीजापुर के जलकर, विद्युत बिल बकाया राशि, दूरसंचार विभाग के बकाया बिल एवं बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन के कुल 1065 प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। जिले के राजस्व न्यायालय द्वारा भी खातेदारों के मध्य आपसी बटवारा मामला, नामांतरण मामला एवं अन्य राजस्व संबंधित मामले सहित कुल 7670 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी श्री पीताम्बर सिंह मण्डावी प्रस्तुतकार, श्री शिवशंकर तोगर स्टेनोग्राफर, श्री गौरैया गोटा निष्पादन लिपिक, श्री सुरजीत कोरम सहायक ग्रेड-3, श्री सुनील कुमार मौर्य वाहन चालक, श्री विरेन्द्र भास्कर भृत्य एवं श्री बिरेन्द्र कुमार कुआर्य सेल अमीन व श्री कैलाश चन्द्रवंशी कोर्ट मोहर्रिर भी उपस्थित रहे हैं।

## राज्य सरकार की एक साल पूरा होने पर सायकल रैली का आयोजन

■ **विधायक दीपेश साहू ने सुशासन दिवस की शपथ दिलाई**

**बेमेतरा।** राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में एक भव्य सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य सरकार की एक साल की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना था। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



रैली का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से हुआ और यह शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों से गुजरकर पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई।इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक दीपेश साहू ने रैली के समापन पर उपस्थित लोगों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और रोजगार के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य शामिल थे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में विकास को नई दिशा दी है। यह रैली जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का संदेश कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के विकास के लिए बनाई गई हैं और इस प्रकार के आयोजन लोगों को जागरूक करने में मददगार साबित होते हैं।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह रैली समाज में एकजुटता और सामूहिक प्रयास का संदेश देती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली ने न केवल जनभागीदारी को बढ़ावा दिया बल्कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## जनादेश परब के अवसर पर जिले में वन चौपाल का हुआ आयोजन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बालोद द्वारा 9 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी बी.एस.सरोटे ने बताया कि बालोद वनमंडल के वनपरिक्षेत्र अंतर्गत बालोद, बरही, हरार्ठेमा, गुरूर, बड़भूम, लोहारा, गैंजी, चिखली, लोहारटोला, माटरी, दल्लीराजहरा, घोटिया, कुसुमकसा, डौण्डी, ढोरीठेमा, कुंआगोंदी में वन चैपाल का आयोजन कर सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि थीम के तहत वन विभाग की जनकल्याणकारी



योजनाओं यथा तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु प्रति मानक बोरा वृद्धि राशि, किसान वृक्ष मित्र योजना, वन प्रबंधन समिति के माध्यम से व्यक्ति विकास, सशक्तिकरण रोजगारमूलक कार्य, वन अधिकार पत्रों का वितरण, स्व-सहायता समूहों के आय सृजन के संसाधन, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण, वन्यप्राणी संरक्षण, संवर्धन तथा आर्थिक सहायता अनुदान (मुआवजा), लघु वनोपज प्रसंस्करण, विपणन के तहत लघु वनोपज उत्पादों के समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंध में प्रचार-प्रसार कर जानकारी प्रदाय किया गया। उक्त आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, शिक्षाविद, अधिनस्थ वन अमला आदि उपस्थित थे। जिले में आयोजित किये जायेंगे विभिन्न कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी ने बताया कि 17 दिसम्बर 2024 तक पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 18 दिसम्बर को वन मितान, जागृति के तहत स्कूली छात्रा-छात्राओं को जैव विविधता की जानकारी हेतु पर्यावरण पार्क, वन चेतना केन्द्र का भ्रमण कराया जाएगा। 20 दिसम्बर 2024 को वनमंडल स्तर पर वन संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिस पर विभाग द्वारा किए जाने वाले नवाचार कार्यक्रम, ई-ऑक्शन, जेम पोर्टल, ई-कुबेर प्रणाली एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदाय की जाएगी। उक्त आयोजन में किसान वृक्ष मित्र योजना के हितग्राही, टिम्बर व्यापारी, लघु वनोपज व्यापारी, वन प्रबंधन समिति, लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष, सदस्य, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी एवं आम जनमानस को इन कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया है।

## जूडो, कराटे सहित विभिन्न विधाओं में दक्ष इच्छुक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक से प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर।** जिले में संचालित 80 पूर्व माध्यमिक स्तर की शालाएं एवं 47 हाई-हायर सेकेण्डरी स्तर की शालाओं में अध्ययनरत बालिकाओं हेतु रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण माह दिसम्बर 2024 से जनवरी 2025 तक कुल 30 दिवस का आयोजित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण हेतु प्रति शाला के मान से कुल राशि रुपये 5 हजार स्वीकृत है।

उक्त प्रशिक्षण में जूडो, कराटे, ताईक्वांडों, किक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जाना है। इस हेतु बीजापुर जिले के मूल निवासियों से इन विधाओं में दक्ष इच्छुक खिलाड़ी, प्रशिक्षक अपनी जानकारी आवेदन पत्र भरकर दस्तावेजो एवं विशेष उपलब्धियों के साथ इस कार्यालय में 16 दिसम्बर 2024 तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर में जमा कर सकते हैं।

## पंचायत एवं नगर पालिका निगम में संख्या के बराबर आरक्षण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दबंग दुनिया ♦ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 5 सन 2024) द्वारा प्रकाशित राजपत्र में मूल अधिनियम की धारा 11 की उप धारा (2) धारा 11(क) का उप धारा (1) के अधीन अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों का कुल आरक्षण 50% या 50% से अधिक होने की स्थिति में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं किये जाने का उल्लेख है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश 2024 (क्रमांक 3 सन 2024) छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 765 में मूल अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के खंड (दो) मूल अधिनियम की धारा 23 की उप धारा (3) के खंड (दो) धारा 25 की उप धारा (2) के खण्ड (दो) धारा 30 की उप धारा 3 के खण्ड (दो) एवं मूल अधिनियम की धारा 32 की उप धारा (2) के खंड 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित क्रमशः ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं राज्य में यदि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के लिए 50% या 50% से अधिक स्थान आरक्षित हो, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है, जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ अन्याय है। चूँकि अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत ओबीसी समुदाय भी सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 16(4) में उचित आरक्षण का प्रावधान है। एवं 50% की सीमा निर्धारित नहीं है 50% सीमा निर्धारण संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह सिद्धांत भी प्रतिपादित किया गया है कि किसी क्षेत्र में निवासरत दुरस्थ क्षेत्र के व्यक्तियों की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50% की अधिकतम सीमा को शिथिल कर सीमा बढ़ाई जा सकती है। 3 दिसंबर 2024 को पारित अध्यादेश को संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर माननीय विष्णु देव साय जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, मान.अरुण साव जी उपमुख्यमंत्री एवं विधि और विधाई कार्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, माननीय चरण दास महंत जी नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम माननीय ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं दीपेश साहू विधायक बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष पंचम साहू एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## महिला बाल विकास की दिशा दर्शन भ्रमण बस को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

दबंग दुनिया ♦ बेमेतरा

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में तथा चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीपी शर्मा के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा के मार्गदर्शन में एवं व्योम श्रीवास्तव जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नोडल अधिकारी, राजेंद्र चंद्रवंशी, परियोजना समन्वयक (सहायक नोडल अधिकारी) महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिले अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला



कोष ऋण योजना एवं ऋण योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों/महिला स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम हेतु मध्यप्रदेश अंतर्गत महिला आर्थिक विकास निगम जिला-डिंडोरी करंजिया/अमरकंटक के लिये बस वाहन से भेजा गया है। जिससे महिलाएं वहां महिला स्व-सहायता समूह के उत्कृष्ट उत्पादित कार्यों का अवलोकन कर अपने समूह या व्यवसाय में गुणवत्ता ला सके तथा आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम हेतु बस को कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिसोदिया ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि दिशा दर्शन कार्यक्रम के लिए व्योम श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं राजेंद्र चंद्रवंशी, परियोजना समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं जिले से जगराम डनसेना अधीक्षक, धर्मेंद्र साहू, सहायक ग्रेड-०३ (नवाबिहान) भूपेंद्र साहू वाहन चालक एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना से पर्यवेक्षक मानेश्वरी कुर्रे, जयश्री देवांगन, रेखा दीवान, निर्मला साहू, क.उषा सिंह, हेमलता मानिकपुरी को उक्त परियोजनाओं की समूह की महिलाओं को जिला डिंडोरी करंजीया तक ले जाने एवं वापस जिला बेमेतरा लाने तक के लिये देखरेख एवं संपूर्ण जवाबदारी हेतु संबंधित पर्यवेक्षकों को दायित्व दिया गया है।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ली पत्रकार वार्ता, एक वर्ष की गिनाई उपलब्धियां

दबंग दुनिया ♦ बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में पत्रकारों संग प्रेसवार्ता ली। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वित्त मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि शासन ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई सख्त कदम उठाए गए हैं, जिनमें डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना, सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाना, और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून लागू करना शामिल हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन सुधारों से राज्य की जनता को सीधा लाभ हो रहा है और विकास की गति तेज हुई है। सुशासन की स्थापना के लिए कई बड़े कदम उठाए है।




इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार कि अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और सुधारों पर जोर दिया जैसे उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया, जैसे फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) में वृद्धि, और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिसमें मुफ्त दवा और उपचार की सेवाएँ शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार किया गया। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। गरीबों और वंचित वर्गों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए आवास योजनाओं को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की।युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) कार्यक्रम चलाए गए, जिनसे उन्हें नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

उन्होंने यह भी दावा किया कि इन योजनाओं ने समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुँचाया और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) की भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार करते हुए इसे पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया है। सरकार ने पुराने शासन के दौरान अपनाई गई भ्रष्ट नीतियों को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्षता से नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकें। परीक्षा और मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और विश्वसनीय प्रणाली लागू की गई है, जिसमें कोई पक्षपात नहीं हो सके। भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिससे चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

उम्मीदवारों के चयन को पूरी तरह से मेरिट आधारित बनाया गया है, ताकि केवल सबसे योग्य और मेहनती उम्मीदवारों को ही सरकारी नौकरियों में स्थान मिले। उन्होंने कहा कि इन सुधारों ने भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बना दिया है, जिससे युवाओं में सरकारी नौकरियों के प्रति भरोसा बढ़ा है।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चैनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है।

# कला की कीमत

ऑगस्टे रोडिन जब समस्त यूरोप में अपने समय का सर्वश्रेष्ठ मूर्तिकार माना जाने लगा, तो जार्ज बर्नार्ड शॉ ने उसे अपनी मूर्ति बनाने के लिए कहा। इस काम के लिए शॉ ने एक हजार पौंड देने स्वीकार किये। रोडिन ने कुछ ही दिनों में शॉ की दस-बारह मूर्तियां बनायीं, पर उनमें से कोई भी उन्हें पसंद न आयी। एक दिन शॉ ने पूछा, आखिर मेरी मूर्ति कब बनेगी? उसे बनाने में इतना ज्यादा समय लगायेंगे तो आपका गुजारा कैसे होगा? कोई आप जैसा मॉडल मिल जाये तो फिर मुझे समय या पैसों का खयाल नहीं रहता। रोडिन ने कहा। शॉ हंसकर बोला, अगर वाकई मैं इतना अच्छा मॉडल हूं तो आपको मूर्ति बनाने के लिए कीमत लेने के बजाय मुझे कीमत देनी चाहिए। वह आपको अवश्य मिलेगी। रोडिन ने सहज भाव से कहा। एक दिन आप इस बात पर गर्व करेंगे कि आपके पास रोडिन की बनायी हुई मूर्ति है।

-राजकिशन नैन

# हरियाणा में नशा विरोधी रणनीतियों को नई धार

हरियाणा की रणनीति का एक और कदम है, लोटा नमक अभियान, जो छोटा-मोटा नशा करने वालों और तस्करों के पुनर्वास पर केंद्रित जमीनी पहल है। प्रतिभागी बुजुर्गों की मौजूदगी में सबके सामने शपथ लेकर नशीली दवाओं से तौबा करने का वचन देते हैं। यह सामाजिक जवाबदेही और बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम समाज में पुनः एकीकरण को बढ़ावा देता है और समुदाय में सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करता है।

भारत नशाखोरी की महामारी की चपेट में है, जिसका असर न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि यह राष्ट्र की सामाजिक और आर्थिक नींव को भी खतरे में डालता है। यह त्रासदी परिवारों, समुदायों और जनस्वास्थ्य प्रणाली तक में व्याप्त है, जिसके लिए तत्काल और नूतन समाधान की आवश्यकता है। हालांकि कानून लागू करने वाले विभागों ने आपूर्ति शृंखला पर अंकुश लगाने में काफी प्रगति की है, लेकिन इसकी मांग को जड़ से खत्म करने संबंधी उपाय एक कठिन चुनौती बने हुए हैं। इस जंग में, प्रभावी संचार एवं जागरूकता मुहिम अपरिहार्य हैं। लेकिन पारंपरिक ढंग जैसे व्याख्यान और डर पैदा करने वाले संदेश, अपना असर करने में विफल रहे हैं विशेष रूप से युवाओं में, जो मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

हरियाणा ने परिवर्तनकारी नशा विरोधी संचार मॉडल में पहलकदमी की है। जो कि पुराने तौर-तरीकों से जुदा है। सांस्कृतिक प्रासंगिकता में निहित, व्यवहार विज्ञान से सीखते हुए और प्रौद्योगिकी द्वारा संवर्धित, यह समग्र रणनीति न केवल नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ चेताती है बल्कि लोगों को सूझबूझ पूर्ण निर्णय लेने और लचीलापन विकसित करने हेतु सशक्त भी बनाती है। हरियाणा का यह तरीका मिसाल है कि कैसे नवीन उपाय और जन-केंद्रित रणनीति स्थायी असर पैदा कर सकती है। पारंपरिक नशा विरोधी प्रचार अक्सर एकतरफा संचार पर निर्भर रहते हैं, जिसमें नशीली दवाओं के उपयोग करने के खतरों पर जोर देना या कड़ी चेतावनी जारी करना शामिल हैं। नेक इरादे से किए जाने के बावजूद, ये ढंग शायद ही कभी मादक द्रव्यों के सेवन के गहन कारक जैसे कि साथियों का दबाव, तनाव, भावनात्मक अलगाव और दूसरों से होड़ के कारण बनने वाली मानसिक स्थिति को छूते हैं। इसीलिए युवाओं को ऐसे अभियान अक्सर उनकी वास्तविकताओं से कटे हुए महसूस होते हैं, जिससे उनकी प्रभावशीलता नगण्य हो जाती है।

इन कमियों को पहचानते हुए, हरियाणा ने लोगों को सार्थक रूप से जोड़ने के वास्ते, अपनी प्रचार रणनीति को नए सिरे से तैयार किया है और भय-आधारित संदेश देने के बजाय उनके अंदर अपने सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भों से सहभागिता, सरोकार और सशक्तीकरण पैदा करने वाले बदलाव लाने का प्रयास किया है। जागरूकता बनाने और इसको मूर्त रूप देने के बीच की खाई को पाटने में यह आमूल-चूल बदलाव महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

हरियाणा के इस अभिनव दृष्टिकोण के केंद्र में चक्रव्यूह नामक कार्यक्रम है, जोकि इस विषय में शिक्षित करने के ढंग में परिवर्तन है, यह प्रतिभागियों में रुचि जगाकर, उन्हें जीवन जीने और नशों से दूर रहने की अभिनव कला सिखाता है। इसमें प्रतिभागी टीम में काम करते हुए असली जिंदगी जैसी समस्याओं को सुलझाने, कठिनाई जनित जिन चुनौतियों को हल करने में युक्तिपूर्ण विचार की जरूरत होती है, वह क्षमता पैदा करती है। साथ ही नैतिकतापूर्ण निर्णय लेना और सबके साथ मिलकर काम करने की भावना। इस किस्म के परस्पर औपचारिक और वैचारिक आदान-प्रदान का प्रभाव केवल भय बनाकर नशे से तौबा करने वाले ढंग से कहीं असरदायक है। यह भागीदार को अनिवार्य कौशल जैसे कि लचीलापन, एकाग्रता और सहभागिता से युक्त करता है, जो साथियों के दबावों को नकारने और सकारात्मक विकल्प बनाने में अहम है। रिवायती भाषणबाजी की तरह न होकर-जिससे कोई जुड़ाव महसूस नहीं करता- हरियाणा का चक्रव्यूह नामक यह कार्यक्रम प्रेरक उपायों को यादगार एवं प्रभावशाली अनुभव बनाता है। प्रशिक्षित प्रतिभागी उस समझ एवं व्यावहारिक ज्ञान के साथ निकलते हैं, जिनका उपयोग वे अपनी रोजाना की जिंदगी में कर सकेंगे। हरियाणा ने चक्रव्यूह की पहुंच व्यापक बनाने के लिए इसे डिजिटल प्रारूप में ढाला है। हैकाथॉन के माध्यम से डेवलपर्स के साथ सहयोग करते हुए, सरकार ने एस्केप रूम अनुभव की तर्ज पर एक मोबाइल गेम बनाया है। खेल-खेल में दृष्टिकोण पैदा करने वाला यह तरीका युवाओं के बीच डिजिटल मंचों की लोकप्रियता को भुनाता है जिससे नशा-विरोधी अभियान आकर्षक और सुलभ बन जाता है। यह तकनीकी नूतन प्रयोग शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वंचित क्षेत्रों में इंटरेक्टिव सामग्री प्रदान करते हुए, यह डिजिटल पहल समावेशिता सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त, यह निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए भी राह खोलता है, जिससे आगे नवाचार और इसके विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। हरियाणा के यह मॉडल सांस्कृतिक-आध्यात्मिक तत्वों को शामिल करते हुए लोगों को जोड़ता है। इसके तहत बेहतरीन पहल है ह्यराम गुरुकुल गमन जो कि भगवान राम के वनवास की कहानी से प्रेरित संगीत-रूपक है। इसका कथानक जीवन की कठिनाइयों पर काबू पाने में लचीलेपन और साहस का एक उदाहरण है, जो संदेश देता है : चुनौतियां आयेंगी ही, लेकिन उनका सामना शक्ति व दृढ़ संकल्प से किया जा सकता है।



इस नाटक को व्यापक प्रशंसा मिली है। इसे पुणे में राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में प्रदर्शित किया गया। स्कूलों और कॉलेजों में ऐसे रूपकों को पेश कर, प्रशासन सुनिश्चित करना चाहता है कि नशा विरोधी संदेश प्रासंगिक और प्रभावशाली बने।

हरियाणा की रणनीति का एक और कदम है, लोटा नमक अभियान, जो छोटा-मोटा नशा करने वालों और तस्करों के पुनर्वास पर केंद्रित जमीनी पहल है। प्रतिभागी बुजुर्गों की मौजूदगी में सबके सामने शपथ लेकर नशीली दवाओं से तौबा करने का वचन देते हैं। यह सामाजिक जवाबदेही और बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम समाज में पुनः एकीकरण को बढ़ावा देता है और समुदाय में सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करता है। यह प्रक्रिया, जिसमें बुजुर्ग और समुदाय के प्रभावशाली सदस्य उपस्थित होते हैं, एकजुटता और बुराई छोड़ने का एक शक्तिशाली संदेश देती है। यह उदाहरण है कि स्थानीय समुदाय नशीली दवाओं के खतरे से निपटने में किस प्रकार अहम भूमिका निभा सकते हैं।

-ओ.पी. सिंह

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

# सरकार का किसानों को तोहफा

भारतीय रिजर्व बैंक ने किसानों को नए साल का बढ़ा तोहफा दिया है। खेती में बढ़ते खर्च को देखते हुए सेंट्रल बैंक ने किसानों को बिना गारंटी के किसानों को मिलने वाले लोन की सीमा को 2 लाख रुपए तक बढ़ा दिया है। पहले लिमिट 1.6 लाख रुपए थी। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री ने शनिवार को जारी किए गए बयान में कहा है कि यह नई लिमिट 1 जनवरी 2025 से प्रभावी रहेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस योजना का फायदा करोड़ों किसानों को मिलेगा।

आरबीआई ने कृषि क्षेत्र को बिना गारंटी के लोन देने की शुरूआत 2010 में की थी। तब सेंट्रल बैंक ने एक लाख रुपये बिना गारंटी के देने का ऐलान किया। 2019 में जिसकी सीमा बढ़ाकर 1.6 लाख रुपए कर दी गई थी। अब एक बार इसमें इजाफा किया गया है।

**छोटे किसानों को होगा बड़ा फायदा :** एग्रीकल्चर सेक्टर में बढ़ती महंगाई की वजह से छोटे और मझोले किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसकी वजह से उनकी खेती प्रभावित हो रही थी। रिजर्व बैंक ने जो सीमा बढ़ाई है उसका इन किसानों को होगा। खेती किसानी करने वाले लोगों के पास बहुत सीमित संसाधन होते थे। ऐसे में बिना गारंटी के मिलने वाले इस लोन का फायदा किसानों को होगा।



कृषि मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों (क्षेत्र के 86% से अधिक) के लिए लोन पहुंच को बढ़ाता है। ये कम उधार लागत और अतिरिक्त आवश्यकताओं को हटाने से लाभान्वित होते हैं।

सेंट्रल बैंक का यह फैसला संशोधित ब्याज अनुदान योजना (टक्कर) जैसी सरकारी कोशिश के अनुरूप है। जोकि किसानों को 3 लाख रुपए के लोन पर 4 प्रतिशत के ब्याज की पेशकश करता है। ये फैसले भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के प्रयास से किया जा रहा है।

### सरकार की तरफ से मिलता है डायरेक्ट पैसा

किसानों को केंद्र सरकार की तरफ से साल में 2000-2000 रुपए की तीन किश्त मिलती है। कुछ राज्य सरकारें अपनी तरफ से भी किसानों को इस राशि में कुछ जोड़कर अलग से भुगतान करती हैं। बता दें, इसके अलावा किसानों को सब्सिडी के जरिए सस्ती खाद भी उपलब्ध करवाई जाती है।

## अमेजन इंडिया ने की अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा

**रायपुर।** अमेजन इंडिया ने अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा की है। यह 24 दिसंबर, 2024 तक खरीदारों को खुशी प्रदान करने के लिए एकदम तैयार है। सोच-समझकर विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में लेगो, हॉट व्हील्स, नर्फ, हैस्ब्रो , स्किलमैटिक्स, बार्बी और अन्य सहित 10,000 से ज्यादा टॉयज और गेम्स ब्रांड्स के 16 लाख प्रोडक्ट्स का विस्तृत चयन प्रदर्शित किया गया है।

राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स , टॉयज एंड गेम्स, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन.इन पर 'हॉलिडे टॉय लिस्ट' के 8वें संस्करण को पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, जो आपकी उपहार देने की सभी जरूरतों के लिए आपका भरोसेमंद डेस्टिनेशन है। जैसे-जैसे छुट्टियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में हॉल को टॉयज और गेम्स के साथ सजाने का एकदम सही समय है, जो मौसम के जादू को बढ़ाते हैं।

# यूपीआई ने बनाया नया रिकॉर्ड

यूपीआई के जरिए इस साल जनवरी से नवंबर 2024 के बीच 15,547 करोड़ से अधिक ट्रांजैक्शन हुए हैं. इस अवधि में कुल 223 लाख करोड़ रुपये की राशि का लेनदेन हुआ. वित्त मंत्रालय ने 14 दिसंबर को अपने आधिकारिक "X" हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जानकारी दी. यह यूपीआई के माध्यम से अब तक के सबसे बड़े लेनदेन का रिकॉर्ड है.



**यूपीआई का वैश्विक विस्तार :** मंत्रालय के अनुसार, यूपीआई न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हो रहा है. फिलहाल यह सात देशों यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा है. यह दशार्ता है कि डिजिटल भुगतान के इस प्लेटफॉर्म पर दुनियाभर का भरोसा लगातार बढ़ रहा है.

**अक्टूबर 2024 में नया आयाम :** वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई ने अक्टूबर 2024 में 16.58 बिलियन (1,658 करोड़) लेनदेन के माध्यम से 23.49 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन किया. यह अक्टूबर 2023 में हुए 11.40 बिलियन (1,140 करोड़) लेनदेन से 45% की सालाना वृद्धि को दर्शाता है।

**बैंकिंग इकोसिस्टम में यूपीआई की प्रमुखता :** यूपीआई से वर्तमान में 632 बैंक जुड़े हुए हैं. इसकी व्यापक स्वीकृति और बढ़ते उपयोग ने भारत के भुगतान परिदृश्य में यूपीआई के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया है. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया यूपीआई आज डिजिटल भुगतान क्रांति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है.

**यूपीआई का सरल और प्रभावी उपयोग**
यूपीआई के माध्यम से उपयोगकर्ता कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में जोड़ सकते हैं और आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं. इस तकनीक ने न केवल भुगतान प्रणाली को सरल बनाया है बल्कि इसे बेहद तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय भी बनाया है।

# वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दे रहा 4जी का उत्कृष्ट अनुभव

**भोपाल।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि ओपनसिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूजर्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। वी का उत्कृष्ट नेटवर्क, उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ डिजिटल अनुभव एवं कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

ओपनसिगनल की रिपोर्ट के अनुसार वी के यूजर 4जी का उत्कृष्ट अनुभव पा रहे हैं, ऐसे में वी विभिन्न श्रेणियों जैसे लाईव वीडिया ,गेमिंग अनुभव, डाउनलोड और अपलोड स्पीड, वॉइस ऐप अनुभव और 4जी वीडियो अनुभव की दृष्टि से टॉप परफोर्मर बन गया है। यह रिपोर्ट लाईव एवं ऑन-डिमांड वीडियो स्ट्रीमिंग, मल्टीप्लेयर मोबाइल गेम्स एवं मोबाइल वॉइस ऐप पर ओटीटी वॉइस सर्विसेज में वी के 4जी नेटवर्क की उत्कृष्ट गुणवत्ता को दर्शाती है।

ओपनसिगनल की रिपोर्ट मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स में सुधार लाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। इसी साल अप्रैल में वी ने एफपीओ के जरिए रु 18,000 करोड़ की राशि जुटाई थी और कंपनी देश भर में अपने 4जी नेटवर्क में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 77 नई 4जी लोकेशनों में अपने गीगानेट नेटवर्क का विस्तार किया है। वी ने 1512 साईट्स को 900 Mhz बैण्ड पर 4जी के साथ अपग्रेड किया है जो खासतौर पर घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में उपभोक्ताओं को इंडोर नेटवर्क का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 11800 साईट्स को 1800 Mhz बैण्ड पर 15 Mhz से 20 Mhz में अपग्रेड किया गया है। वर्तमान में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 10 वी स्टोर्स और 73 वी मिनी स्टोर्स के साथ वी का सशक्त रीटेल फुटप्रिन्ट है। इसके व्यापक डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में 900 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर और 60,000 रीचार्ज आउटलेट्स शामिल हैं।

# जनवरी 2025 में ऑटो कंपनियां बढ़ा रही हैं दाम

हर साल दिसंबर के अंत में ऑटो कंपनियां अगले साल जनवरी से दाम बढ़ाने की घोषणा करती हैं। ये दाम नए साल के पहले महीने से जनवरी से लागू होते हैं। कंपनियों के मुताबिक, कीमतें बढ़ाने का मुख्य कारण उत्पादन लागत में इजाफा है। कार बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल जैसे स्टील, एल्यूमिनियम, प्लास्टिक और अन्य सामग्री की कीमतें बढ़ने से कंपनियों पर दबाव आता है।



दूसरा प्रमुख कारण विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव है। रुपए की कमजोरी के कारण आयातित पुर्जों की लागत बढ़ जाती है, जिसका असर गाड़ियों की कीमतों पर पड़ता है। हालांकि, कंपनियां यह बढ़ोतरी आमतौर पर मामूली रखती हैं और ग्राहकों को पहले ही सूचना देकर उन्हें खरीदारी की योजना बनाने का मौका देती हैं।

दिसंबर में दाम बढ़ाने की घोषणा का एक और व्यावहारिक पहलू यह है कि इससे कंपनियों को साल के आखिरी महीने में बिक्री बढ़ाने का मौका मिलता है, क्योंकि ग्राहक दाम बढ़ने से पहले गाड़ी खरीदने में रुचि दिखाते हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पूरी तरह नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया, जिसे पूरी तरह से सेडान के रूप में डिजाइन किया गया है। कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है, जो काफी बेहतर दक्षता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन एक्सटीरियर और इंटीरियर, सहज प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ बेजोड़ परिष्कार लाता है, जिससे उपभोक्ताओं की अनूठी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल एक कार से कहीं बढ़कर है - यह परिष्कृत शैली और विशिष्टता का प्रतिबिंब है।



हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ बोल्ड इनोवेशन : स्वच्छ वाहन तकनीक को अपनाते हुए, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के केंद्र में शक्तिशाली और कुशल 2.5 लीटर डायनेमिक फोर्स इंजन है, जो 3200 आरपीएम पर 221 एनएम टॉर्क प्रदान करता है। इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित निरंतर परिवर्तनीय ट्रांसमिशन (ई-सीवीटी) के साथ जोड़ा गया, वाहन एक सहज और गतिशील ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित करता है। ई-सीवीटी सभी ड्राइविंग शैलियों और स्थितियों के अनुरूप कई ड्राइविंग मोड प्रदान करता है- स्पोर्ट, इको और नॉर्मल। इसके अलावा, टोयोटा की 5वी पीढ़ी की हाइब्रिड प्रौद्योगिकी प्रणाली में उच्च क्षमता वाली लीथियम आयन (Li-ion) बैटरी है जो ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के आउटपुट को 169 केडब्ल्यू (230 पीएस) की प्रभावशाली कुल अधिकतम शक्ति तक पहुँचाती है।

नए मॉडल के लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मसाकाजु योशिमुरा ने कहा, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का लॉन्च टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप बेहतर, संधारणीय गतिशीलता विकल्प विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

Scanned with OKEN Scanner

# गुरुघांसीदास जयती इस वर्ष सादगी एवं सांकेतिक मनाने का निर्णय



**दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा**

गुरू पर्व के पावन माह दिसम्बर में सभी गांवों में परमपूज्य बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती बडी धूमधाम से मनाए जाने की परम्परा प्रचलित है चूंकि इस वर्ष अमर गुफा में जैतखाम काटे जाने के विरोध स्वरुप बलौदाबाजार कलेक्टर कार्यालय जलाये जाने का दुर्भाग्य पूर्ण हादसा हो गया जिसमें लगभग 180 लोग सतनामी समाज के जेल में निरापराध बंद है, एवं 6 माह के बाद भी अभी तक रिहाई का कोई पहल नही हो पा रहा है, ये लोग प्रायः गांवों के वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता है उनके बिना जयंती का माहोल सुनापन बना हुआ है एसे में समाजिक संगठनों ने इस वर्ष के जयंती को सादगी एवं सांकेतिक रुप में मनाते हुये नेताओं/अतिथियों को बिना नामांकित किये सादगी पूर्ण सम्पन्न कराने का मन बनाए हुये हैं इसी के समर्थन में नगर टुण्डरा के आदर्श नवयुवा सतनाम समिति द्वारा भी केवल समाज के स्थानीय वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में 24,25 एवं 26 दिसम्बर को जयंती मनाया जावेगा। पंथी प्रतियोगिता के दौरान प्रथम पुरूष्कार 15000रुपए, द्वतीय 10,000 रुपए एवं तृतीय 5000रुपए सहित शेष सभी पार्टी को सान्तवना राशि दी जावेगी।

# जिला स्तरीय अनुसूचित जाति लोक कला महोत्सव पलारी में 17 दिसम्बर को आयोजित

**दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा**

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा का अनुसूचित जाति लोक कला महोत्सव वर्ष 2024 का आयोजन पलारी में किया गया है।कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के पारंम्परिक लोक कलाओं , लोक गीतों,नृत्य/ पंथी/ पंडवानी/ भरथरी/ पारंम्परिक बाद्य यंत्रों में निपुण प्रतिभाओं को पहचानना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना हे,भाग लेने वाले टीमों में से प्रथम एवं द्वतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों का चयन राज्य स्तर हेतु किया जावेगा।राज्य स्तर में प्रथम आने वाले दल को 1,00000?,द्वितीय आने वाले दल को 75,000? एवं तृतीय आने वाले दल क्रो 50,000? तथा प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया जावेगा । राज्य के अन्तर्गत समस्त जिलों में जिलास्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,इसी कड़ी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के पलारी में 17 दिसम्बर 2024 को होगा। जिसमें शामिल होने हेतु कलाकार सादर आमंत्रित हैं।

# व्यवहार न्यायालय शक्ति में हुई लोक अदालत का आयोजन



**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय शक्ति में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रशांत कुमार शिवहरे, प्रथम जिला न्यायाधीश, बी आर साहू द्वतीय जिला न्यायाधीश, श्रीमती गंगा पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ती सहित अधिवक्तागण, अन्य विभागों के अधिकारी एवं कमर्चारीगण उपस्थित रहे नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य आपराधिक मामले, सिविल मामले, चेक बाउंस के मामले, मोटर दुर्घटना दावा के मामले, बिजली बिल, टेलीफोन एवं नगर निकाय से संबंधित जलकर, संपत्तिकरक, समेकितकर के प्री लिटिगेशन के मामलों का समझौता के आधार पर निराकरण किया गया जिसके लिए शक्ति न्यायालय में 4 खंडपीठ पीठ का गठन किया गया था जिसमें लंबित मामलों एवं प्री लिटिगेशन मामले सहित कुल 387 प्रकरणों का समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। पीठासीन अधिकारी श्री प्रशांत कुमार शिवहरे प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय में निस्पादन प्रकरण खीकबाई कुर्रे बनाम शिवराम समवेता वगैरह दावा प्रकरण क्रमांक 19/23 अधिनिर्णय दिनांक 13/9/24 में नेशनल लोक अदालत 14/12/24 में चोलामंडल जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा अवार्ड की राशि एक करोड़ 10 लाख में उभय पक्ष के बीच राजीनामा हेतु सहमति बनी जिस मामले का त्वरित निराकरण किया गया, जिसकी पैरवी आवेदिकागण की ओर से कमल किशोर पांडेय अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी की ओर से संदीप सिंह बनाफर अधिवक्ता द्वारा किया गया , न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में इतनी बड़ी राशि का त्वरित निराकरण कर इतिहास बनाया। जिससे लोकअदालत के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ा है। पक्षकार के द्वारा न्यायालय लोक अदालत में त्वरित एवं शीघ्र निराकरण किया जाने के संबंध में आभार व्यक्त किया गया।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उदात्त रहा आयोजन

» सैकड़ों लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ...

» नगर में पहली बार पत्रकारों ने किया भव्यता पूर्ण जनहितकारी कार्यक्रम



**दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा**

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क भव्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त शिविर में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मुफ्त परामर्श और चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से रक्त जांच, शुगर चेकअप, ब्लड प्रेशर जांच, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा और अन्य सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा, आयुर्वेद और होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इलाज एवं परामर्श दिए। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आये महिला पुरुषों, बच्चों एवं दिव्यांग जनों के भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक लालजीत सिंह राठिया उपस्थित रहे, तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र चौधरी ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नरेश कुमार पंडा मंचासीन रहे, जिससे अंत तक कार्यक्रम की गरिमा बनी रही।

उक्त अवसर पर पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी रमेश कुमार मोर ने बारी-बारी से प्रत्येक जांच टेबल का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकीय सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी एस.आर.पैंकरा द्वारा की गई व्यवस्था को सभी ने सराहा। वरिष्ठ चिकित्सक स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डॉ.वाई.के.शिंदे एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश पंडा के अलावा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास शर्मा सहित दंत रोग विशेषज्ञ (सर्जन) ऋषिका सिंह तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.कीर्ति नंदा, आयुष विभाग से डॉ.एम.बी.गुप्ता एवं डॉ. बी.पी.कुर्रे सहित लोगों ने सभी चिकित्सकों से उपचार एवं परामर्श लाभ लिया।

इस लोकोपकारी आयोजन की सराहना करते हुए श्री शिव शर्मा ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की भूरी- भूरी प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने विधायक लालजीत सिंह राठिया के कहने पर पूर्व मंत्री स्व.श्री चनेश राम राठिया की पुण्यतिथि पर उनके गृह ग्राम छाल में इसी तरह की निःशुल्क एवं भव्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करने की मंच से घोषणा की। साथ ही उन्होंने विधायक राठिया से घरघोड़ा में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए भी आग्रह किया, जिसके पक्ष में श्री राठिया ने अपनी भी इच्छा जाहिर की।

समापन की बेला में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष ने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कमर्चारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोग अपने स्वास्थ्य का लाभ निःशुल्क उठा सकें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मितानिन दीदियों का विशेष योगदान रहा, जहां उन्हें बड़ी संख्या में विधायक लालजीत सिंह राठिया के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनकी हौसला अफजाई किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं संरक्षक गौरीशंकर गुप्ता, रविंद्र डनसेना, एस.पी.साहू, सुनील जोल्हे, बसंत रात्रे, अनिल लकड़ा, बी.सी.मौलिक एवं संघ से जुड़े और अन्य पत्रकार बन्धुओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता रही। मंच का सफल संचालन एस.पी.साहू ने किया।

# वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत संपन्न

## 58 लाख से अधिक राशि का अवॉर्ड पारित



**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले अंतिम नेशनल लोक अदालत के अनुकम में अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर-रामानुजगंज के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर, 2024 को जिला न्यायालय बलरामपुर-रामानुजगंज, तालुका न्यायालय बलरामपुर/राजपुर / वाड्रफनगर एवं जिले के समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनो ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग की भी व्यवस्था की गई थी।जिला एवं सत्र न्यायालय रामानुजगंज, तालुका न्यायालय, बलरामपुर, राजपुर एवं वाड्रफनगर में कुल 09 खण्डपीठ का गठन किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक विवाद, धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम संबंधी वाद, सिविल वाद, राजस्व प्रकरण, बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का भुगतान संबंधी वाद एवं यातायात के सामान्य मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखा गया। जिसमें समस्त न्यायालयों से 1902 लंबित प्रकरण एवं 7604 प्री लिटिगेशन प्रकरण कुल 9506 प्रकरण विचारार्थ रखे गये थे। उक्त प्रकरणों में से 1503 लंबित प्रकरण एवं 3642 प्री लिटिगेशन प्रकरण कुल 5145 प्रकरणों का पक्षकारों के आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण कर 58,44,371 रुपये का जिला रामानुजगंज द्वारा अवार्ड पारित किया गया।

# जनपद पंचायत बलरामपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं वार्ड पंचों के पदों की आरक्षण प्रक्रिया 17 दिसंबर को

» आरक्षण प्रक्रिया संपन्न कराने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए जनपद पंचायत बलरामपुर के समस्त 80 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं वार्ड पंचों के पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया आगामी 17 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद कार्यालय बलरामपुर के प्रांगण में संपन्न की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा के द्वारा जनपद पंचायत बलरामपुर में ग्राम पंचायतों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा०) बलरामपुर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिले में धान खरीदी के साथ धान उठाव जारी

» जिले में अब तक 59295.44 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

» 963 मीट्रिक टन का डीओ जारी, 171मीट्रिक टन का हुआ उठाव

**दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले के 49 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है।धान खरीदी केंद्रों में प्रशासन के द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई की समुचित व्यवस्था है इसके साथ ही किसानों की सुविधा को देखते हुए शीघ्रता से भुगतान हेतु माइक्रो एटीएम आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर के धान खरीदी होने से किसानों में खुशी व्याप्त है।जिले में 51 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 59295.44 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। साथ ही अब तक 963 मीट्रिक टन का डीओ जारी हो चुका है और 171 मीट्रिक टन धान का उठाव भी हो चुका है।

### जिले के धान उपार्जन केन्द्रों मे 592074.40क्विंटल धान की खरीदी

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से सुचारू रूप से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 49 समितियों में कुल 592074.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले के सहकारी समिति जिले के सहकारी समिति कपिलदेवपुर में 9607.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 5053.20, कुसमी में 10193.20, जवाहरनगर में 3199.20, कामेश्वरनगर में 23941.20 , कोदवा 4409.20, गोपालपुर में 7593.60, भेंडरी 5788.40, चांदो में 13423.60, जमड़ी में 32544.40, जिगड़ी में 5868.40, जोकापाट (भरतपुर) में 1779.60, डूमरपान में 13620, डिण्डो में 17929.60, डीपाडीह में 4772, डोंगरो में 7576.80, गांजर में 5993.20, त्रिकुण्डा में 20676.80, बगरा में 12871.20, तातापानी में 14175.20, धंधापुर में 10778.40, डौरा में 11926.40, पस्ता में 6555.20, बड़काांव में 17440.40, बरतीकला में 16652, बरदर में 10878.80, आरा में 3003.60, बरियों में 11362.40, बलंगी में 11277.20, बलरामपुर में 13691.60, बसंतपुर में 16223.20, भुलसीकला में 3092, भंवरमाल में 18567.20, रामानुजगंज में 13506, महाराजगंज में 18546.40, महावीरगंज में 12576.40, विजयनगर में 20465.20, रघुनाथनगर में 13002.80, रनहत में 13528.40, राजपुर में 17650.40, दोलंगी 9672, रामचन्द्रपुर में 10006, रामनगर में 18998, वाड्रफनगर में 12364.80, स्याही में 12823.20, विरेन्द्रनगर में 18225.20, सरना में 15825.60, सेवारी में 12051.60 एवं सामरी में 1247.60 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।राज्य शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। और धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिले में 21 चेकपोस्ट बनाए गए है और कुल 25 प्रकरण बनाए गए जिसमें से 1320.40 क्विंटल धान एवं 24 वाहन जप्त किया गया ।

# नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता में सिलदहा के खिलाड़ियों का दबदबा

» बालिका वर्ग ने अनेक राज्यो को हराकर सेकंड रन-अप का खिताब जीता , 14 खिलाड़ियो का नेशनल कंपीटिशन के लिए चयन

» मध्यप्रदेश के इंदौर मे आयोजित नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता मे 27 राज्य के खिलाड़ी शामिल हुए

» शानदार सफलता के लिए सिलदहा के कोच रीना हितेंद्र सिंह के प्रयासो की सराहना




**दबंग दुनिया ♦ बिलासपुर**

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आयोजित तीन दिवसीय 34 वीं जूनियर नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता में सिलदहा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अब उन्हें राष्ट्रीय स्पर्धा में खेलने का अवसर मिलेगा। खेल के क्षेत्र इस उपलब्धि से विद्यालय का गौरव बढ़ा है, इसके लिए बच्चों के अभिभावक कोच रीना हितेंद्र सिंह की खुले मन से सराहना करते नही थक रहे। इंदौर शहर में 9 से 11 दिसंबर तक तीन दिवसीय नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता में देशभर से 27 राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें बालिका वर्ग ने मध्य प्रदेश , झारखंड , मुंबई एवं हरियाणा जैसे बड़े राज्य के खिलाड़ियों को हराकर सेकंड रनर- अप का खिताब जीता। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का शाला परिवार की ओर से सम्मान कर शुक्रिया किया गया। इसके पूर्व स्कूल की परंपरा अनुसार स्पर्धा में भाग लेने के लिये रवाना होने से पहले इन खिलाड़ियों का तिलक कर अग्रिम शुभकामनाएं दी गई थी। इस अवसर पर शाला परिवार के शिक्षक रविकांत भोंसले, अशोक ठाकुर, प्रधान पाठक रामदुलार वर्मा, कमल कुमार सिंगरौल , अशोक कुमार जाटवर , शत्रुघन घृतलहरे, गिरधारी माण्डले , श्रीमती नीलम केरकेट्टा , कुमारी किरण गेंदले, राजेश वर्मा , सनत वर्मा , सुहैल सालोमन, टीपन राजपूत , नरेन्द्र पात्रे सभी शिक्षकों द्वारा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कुमारी शिवानी सोनवानी पिता सुरेंद्र सोनवानी, पल्लवी वर्मा पिता रामेश्वर वर्मा, सरस्वती निषाद पिता लखन निषाद, गायत्री वर्मा पिता सरजू वर्मा, सुमन यादव पिता महेश यादव,अनीशा नंद पिता विजय नंद, बालक वर्ग में मनीष निषाद पिता बेदूराम निषाद, सुजल वर्मा पिता भुनेश्वर वर्मा, अमन राजपूत पिता लक्ष्मीनारायण राजपूत, रामप्रसाद यादव पिता चेतराम यादव, मनीष यादव पिता लीला राम यादव, राकेश ध्रुव पिता राजा राम ध्रुव, अभिषेक राजपूत पिता महेश राजपूत, प्रियांशु राजपूत पिता कौशल राजपूत, शाला के प्राचार्य ए. ए .खान सर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर विदा किया गया। कोच श्रीमती रीना हितेंद्र सिंह हर साल की भर्ती इस साल भी पूरे टीम को अपने नेतृत्व में इस प्रति योगिता में सम्मानित कराए, मुंगेली जिला में थ्रो बॉल का खेल निरंतर 2015 से जब से श्रीमती रीना हितेंद्र सिंह ने इस शाला में आई है तब से ये प्रतियोगिता में बच्चे राज्य स्तरीय, और नेशनल टूर्नामेंट, प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, मुंगेली जिला का बहुत ही छोटा सा ब्लॉक पथरिया उसमें एक गांव है शिल्दाह, जिसका आवागमन का साधन नहीं होते हुए भी, और खेल मैदान की कमी होते हुए भी श्रीमती रीना हितेंद्र सिंह के लगातार प्रयासों से यह बच्चे आज अपना प्रतिभा दिखा रहे हैं जिनका पूरा श्रेय उनकी कोच रीना हितेंद्र सिंह को जाता है ।

# तत्कालीन उप पंजीयक सक्ती तत्काल प्रभाव से निलंबित

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

तत्कालीन उप पंजीयक सक्ती प्रतीक खेमुका (वतर्मान में उप पंजीयक बिलासपुर) द्वारा सक्ती में अपनी पदस्थापना के दौरान ग्राम कंचनपुर तहसील सक्ती जिला सक्ती स्थित भूमि खसरा नम्बर 14/3 रकबा 0.12 एकड़ आदिवासी विक्रेता जानकी बाई पति गणेशराम, कुमारी ममता बाई पिता गणेशराम, कुमारी पदमनी पिता गणेशराम, सोनू उर्फ हिमांशु गोड़ पिता गणेश राम सभी जाति गोड़ निवासी ग्राम बोरदा पोस्ट जाजंग तहसील सक्ती जिला सक्ती से गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती मुस्कान बंसल पति आयुष बंसल, निवासी झूलकदम टेमर रोड़, बंसल भवन सक्ती जिला सक्ती के पक्ष में कलेक्टर के अनुमति के बिना दस्तावेज दिनांक 25/07/2024 को विक्रय पत्र का निष्पादन कर दिया गया है, जो कि छ०ग० भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) का स्पष्ट उलंघन है तथा श्री खेमुका का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। अतः श्री प्रतीक खेमुका तत्कालीन उप पंजीयक सक्ती (वतर्मान में उप पंजीयक बिलासपुर) को उनके उक्त कृत्य के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री खेमुका का मुख्यालय जिला पंजीयक कार्यालय बिलासपुर नियत किया जाता है। श्री खेमुका को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

Scanned with OKEN Scanner




## स्टाइलिश आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने ब्लू कलर की बेहद ही स्टाइलिश फ्रिल्स लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बालों का स्टाइलिश बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनकी हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है।

प्रज्ञा जैसवाल की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 48 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सो हॉट, यू लुक सो ब्यूटिफुल, हॉट एंड गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स किए हैं।

## पुष्पा 2: 1100 करोड़ का आंकड़ा पार




तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बीच उनकी नई एक्शन फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर एक नई उपलब्धि हासिल की है. फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर स्टार यश की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ - चैप्टर 2 को पछाड़ दिया है. इसके साथ पुष्पा 2 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म बन गई है.

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2 ने 9वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सभी भाषाओं में कुल 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हिंदी भाषी बेल्ट में, फिल्म ने 27 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो अन्य भाषाओं के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से आगे निकल गया. पुष्पा 2 का कुल भारत नेट कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है.

पुष्पा 2 सबसे तेज 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. 9 दिनों में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 461 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसने 9वें दिन केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन (435.33 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है और 450 करोड़ से सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है.

फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. मनोबाला के अनुसार, पुष्पा 2 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 9 दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 1135.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

प्रभास की कल्कि 2898 एडी के लाइफटाइम कलेक्शन (1,042.25 करोड़ रुपये) को पार करने के बाद, पुष्पा 2 सभी भाषाओं में बाहुबली 2: द कन्क्लूजन (1788.06 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), केजीएफ: चैप्टर 2 (1215 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), आरआरआर (1230 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), जवान (1160 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), और दंगल (2070.3 करोड़ रुपये) को मात देने की तैयारी में है.

## रेड 2 की रिलीज तारीख फिर बदली

अजय देवगन के पास इस समय सीक्वल फिल्मों की भरमार है. ऐसे में उनकी फिल्म रेड के सीक्वल का फैंस पलकें बिछाकर इंतजार कर रहे हैं. पहले रेड 2 इसी साल यानी 2024 में ही रिलीज होने वाली थी. हालांकि मेकर्स ने कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी. लेकिन अब अजय देवगन ने




खुद अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. अजय देवगन ने रेड 2 का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है- आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू! रेड 2, 1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने पनोरमा स्टूडियो के बैनर तले डायरेक्ट किया है. फिल्म के भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है. अजय देवगन एक बार फिर आईआरएस अमय पटनायक के किरदार में लौट रहे हैं. वाणी कपूर और रितेश देशमुख भी फिल्म में अहम भूमिका अदा करते दिखाई देने वाले हैं. अजय देवगन आखिरी बार अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थे. ये पिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. अपने भांजे अमन देवगन की डेब्यू फिल्म आजाद में दिखाई देंगे. ये फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की इमरजेंसी से टकराएगी. इसके अलावा अजय देवगन के पास पाइपलाइन में गोलमाल 5, शैतान 2, दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ द सरदार 2 जैसी फिल्में पाइपलाइन में हैं.

## अक्षय कुमार ने लॉन्च किया मोहनलाल की बारोज का ट्रेलर




बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मोहनलाल की अपकमिंग फैंटेसी ड्रामा बारोज: गार्डियन ऑफ ट्रेजर का हिंदी ट्रेलर लॉन्च किया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय ने बताया कि उन्होंने मोहनलाल की ज्यादातर फिल्में देखी हैं. जबकि मोहनलाल ने इवेंट में शामिल होने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. वहीं अक्षय ने भी मोहनलाल की तारीफों के पुल बांधे.

इस इवेंट में अक्षय ने मलयालम सुपरस्टार की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, हर किसी की तरह मैं भी मोहन सर का फैन हूं और मैंने उनकी कई फिल्में देखी हैं. मैंने वह फिल्म भी देखी जिसे मेरे सबसे अच्छे दोस्त प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था. दृश्यम एक्टर मोहनलाल ने अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालने और बारोज का हिंदी ट्रेलर लॉन्च करने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. बारोज में मोहनलाल एक फ्रेंडली भूत के रोल में हैं इस फिल्म से वे निर्देशन में भी कदम रखने जा रहे हैं. ट्रेलर काफी खूबसूरत है यह डिज्नी वर्ल्ड की याद दिलाता है. कहानी एक ऐसे खजाने की है जो एक महल में थिपा है और मोहनलाल इसे बचाते हैं. दिलचस्प बात यह है कि इस खजाने को एक लड़की ही निकाल सकती है और मोहनलाल (भूत) को सिर्फ यह लड़की ही देख सकती है. ट्रेलर काफी शानदार है और इसे देखने से पता चलता है कि फिल्म जादू, ड्रामा, इमोशन और रहस्य है - वह सब कुछ जो एक फैमिली फिल्म में होना चाहिए.



## योयो हनी सिंह: फेमस की रिलीज तारीख का ऐलान

यो यो हनी सिंह... देश में शायद ही कोई है हिरदेश सिंह उर्फ हनी सिंह के बारे में ना जानते हैं. हनी इंडिया के आइकॉन रैपर हैं. अब हनी सिंह पर की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर ओटीटी की दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज यो यो हनी सिंह- फेमस तैयार की है, जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है. यो यो हनी सिंह- फेमस के ट्रेलर में हनी सिंह की शुरुआती लाइफ से करियर का स्ट्रगल और फिर कामयाबी के बाद सिंगर की असफलता की कहानी देखने को मिल रही है. वहीं, यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर में हनी सिंह का कमबैक नहीं बल्कि अलग ही स्वैग देखने को मिल रहा है. पंजाबी स्टार सिंगर और वर्ल्डवाइड फेमस रैपर हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री सीरीज यो यो हनी सिंह- फेमस का ट्रेलर में हनी सिंह के जिंदगी के हर पड़ाव को दिखाया गया है. इसमें करियर में होने वाली कंट्रोवर्सी भी देखने को मिल रही है. 2.15 मिनट के यो यो हनी सिंह- फेमस के ट्रेलर में हनी सिंह की मेंटल हेल्थ पर भी बात की गई है. यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर की शुरुआत हनी के बिना खिड़की वाले घर से होती है, जिसमें वह 24 साल तक रहे और वहां रहकर उन्होंने मशहूर रैपर बनने का सपना पूरा किया. ट्रेलर में सलमान खान ने हनी सिंह की तारीफ कर रहा है, हनी सिंह के पास ऐसी चीज है, जो किसी के पास नहीं हैं और वो यो यो हनी सिंह. वहीं, यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर में

## राज कपूर की 100वीं जयंती पर साड़ी में इतराईं आलिया भट्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें साझा करते हुए फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. आलिया ने सफेद फूलों वाली खूबसूरत साड़ी पहने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. यह पोस्ट उन्होंने दिवंगत अभिनेता और फिल्मकार राज कपूर के 100 साल के जश्न को समर्पित किया है. आलिया ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, मुड़ मुड़ के ना देख. उनके इस ग्लैमरस लुक पर बॉलीवुड के कई सितारों ने तारीफों की झड़ी लगा दी है. भूमि पेडनेकर ने इसे स्टनिंग कहा, जबकि रिया कपूर ने लवली कहकर प्रतिक्रिया दी.

यह खास पोस्ट राज कपूर के सिनेमा जगत में 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है. आलिया ने इस तस्वीर के जरिए अपनी श्रद्धांजलि दी है, जो उनके फैंस और इंडस्ट्री के लिए एक खास संदेश है. कपूर फैमिली इस खास मौके को फिल्म फेस्टिवल की तरह सेलिब्रेट कर रहा है.

फैंस ने आलिया की इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाया है. राजकुमार राव और अन्य सेलेब्रिटीज ने भी पोस्ट को लाइक किया है. आलिया का यह अंदाज न केवल राज कपूर को श्रद्धांजलि है बल्कि उनकी क्लासिक और स्टाइलिश साड़ी लुक को भी दर्शाता है.



Scanned with OKEN Scanner

# ब्रिसबेन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म, स्मिथ-हेड के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 400 पार

एजेंसी,ब्रिसबेन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 405 रन बना लिए हैं। मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं, भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए हैं। रविवार को मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया। मेजबान टीम को 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 54 गेंद में तीन चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए। फिर 38 के स्कोर पर टीम का दूसरा विकेट गिरा और दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी भी पवेलियन चलते बने। मैकस्वीनी 9 रन बना सके। 75 के स्कोर पर



मार्नस लाबुशेन भी आउट होकर पवेलियन लौट गए। लबुशने केवल 12 रन बना सके। इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ दिए। हेड ने जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 115 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, वहीं स्मिथ ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए 185 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 33वां शतक है। दोनों बल्लेबाजों ने 200 रन से ज्यादा की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 300 के आंकड़े के पार पहुंचाया। इस साझेदारी का अंत जसप्रीत बुमराह ने स्मिथ को आउट करके किया। स्मिथ 190 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ के बाद मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड को भी बुमराह ने पवेलियन भेज दिया। मार्श पांच रन बना सके, जबकि हेड ने 160 गेंद में 18 चौके की मदद से 152 रन बनाए। 385 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क सात रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट हासिल किया है।

### पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ा

पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया था। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। मैच में केवल 5.3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रुका रहा। बारिश रुकने के बाद फिर से खेल शुरु हुआ और ख्वाजा और मैकस्वीनीने संभलकर खेलना जारी रखा। 13.2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और फिर रुकी ही नहीं, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया।

Sports News

## गोपाल यादव ने की धुआंधार बल्लेबाजी, तारिक क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

एजेंसी,लखनऊ। मैन ऑफ द मैच गोपाल यादव (51) के तूफानी आतिशी अर्धशतक की बदौलत तारिक क्रिकेट क्लब ने अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केएसीसी को सात विकेट से पराजित कर पूरे अंक जुटाए। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर केएसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 139 रन बनाए। मध्य क्रम में इस्लाम ने 28 गेंदों पर 5 चौके व 2 छक्के से सर्वाधिक 45 रन बनाए। उनके अलावा गुरबिंदर सिंह ढिल्लो (23) व सबीर (18) ही टिक कर खेल सके। तारिक क्लब से हनी जाफरी व तेज नारायण ने 2-2 विकेट की सफलता पाई। फिरोज खान व गोपाल यादव को 1-1 विकेट की सफलता मिली। जवाब में तारिक क्रिकेट क्लब ने 13.2 ओवर में 3 विकेट पर 141 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शीर्ष दो बल्लेबाज 20 रन ही बना सके। डॉ. प्रियेश ने 23 रन जोड़े वहीं विनोद सिंह ने 34 गेंदों पर 8 चौके से नाबाद 50 रन व गोपाल यादव ने 16 गेंदों पर 5 चौके व 4 छक्के से नाबाद 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेल टीम को जीत दिलाई। विनोद ने डॉ. प्रियेश के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन और गोपाल यादव के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। केएसीसी से आजमी हुसैन, गुलरेज रिजवी व कामरान को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

## विकास सिंह ने की धुआंधार बल्लेबाजी, नगर आयुक्त ने जीता मैच

एजेंसी,लखनऊ। नगर निगम क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में नगर आयुक्त ने प्रेस को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौकों की मदद से 19 बाल पर 38 रन बनाये। प्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट गवांकर 92 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अजय शर्मा ने 11 रन का योगदान दिया। वहीं वरूण यादव ने चार चौकों की मदद से 35 रन बनाये। वहीं अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया। प्रवीण राय ने आठ रन का योगदान दिया। वहीं नगर आयुक्त की टीम ने मात्र एक विकेट गवांकर 93 रन बना लिया और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सोनू भारती ने तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाये। विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौकों की मदद से 19 बाल पर 38 रन बनाये। आकाश कुमार ने 11 रन बनाये।

## अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नैब पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी,दुबई। अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी गुलबदीन नैब पर शुक्रवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी 20 आई के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि नैब को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के 11वें ओवर के दौरान हुई जब कप्तान राशिद खान की गेंद पर ताशिंगा मुसेकीवा के खिलाफ एलबीडब्ल्यू अपील को खारिज कर दिया गया। गुलबदीन नैब ने मैच में डीआरएस उपलब्ध नहीं होने के बावजूद समीक्षा का अनुरोध करके असहमति प्रदर्शित की। जुर्माने के अलावा, पूर्व अफ़ग़ानिस्तान कप्तान के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि के भीतर उनका पहला अपराध है। गुलबदीन नैब ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# फिरोजाबाद की क्रिकेटर सोनम यादव एशिया कप में पाकिस्तान के छुड़ाए छक्के



एजेंसी,फिरोजाबाद

फिरोजाबाद शहर की क्रिकेटर सोनम यादव ने रविवार को मलेशिया में हो रहे एशिया कप में पाकिस्तानी टीम के छक्के छुड़ा दिए। उन्होंने 4 ओवर में मात्र 6 रन देते हुए 4 विकेट लेकर देश, प्रदेश के साथ फिरोजाबाद जिले का नाम रोशन किया है। क्रिकेटर सोनम यादव फिरोजाबाद शहर के राजा का ताल की रहने वाली है। मलेशिया में अंडर-19 महिला एशिया कप खेला जा रहा है। रविवार को पहला मैच पाकिस्तान और भारत टीम के मध्य हुआ। इसमें पहले पाकिस्तान की टीम ने बल्लेबाजी की। भारतीय टीम की तरफ से सोनम यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 6 रन देकर पाकिस्तान के 4 विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला साथ ही यह मैच भी भारतीय टीम ने जीता है। बेटी का मैच देखने के लिए परिजन सुबह से ही टीवी पर चिपके रहे। सोनम यादव के बेहतरीन प्रदर्शन से हर कोई उनकी तारीफ करता नजर आया। क्रिकेटर सोनम यादव के भाई अमन यादव ने बताया कि वह बहन को तैयारी कराने के लिए स्टेडियम लेकर जाते थे। आज उनकी बहन पाकिस्तान के खिलाफएशिया कप खेल रही है। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। पहले ही मैच में उसने पाकिस्तानी टीम के छक्के छुड़ा दिए। पिता मुकेश यादव व मां गुड्डी देवी का कहना है कि उन्हें अपनी बेटी पर नाज है। पिता का कहना है कि वह तो कारखाने में काम करते थे। कड़ी मेहनत कर आज सोनम ने यह मुकाम पाया है। बेटी को भारत के लिए खेलते हुए देखकर खुशी से फूले नहीं समा रही हूं।

# डब्ल्यूपीएल नीलामी: सिमरन शेख को गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ में खरीदा

एजेंसी,बेंगलुरु

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए बेंगलुरु में रविवार को खिलाड़ियों की नीलामी शुरू हो चुकी है। इस नीलामी में कुल 120 खिलाड़ियों पर बोली लग रही है। पहली बोली वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन पर लगी। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1 करोड़ 70 लाख रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। उन्हें खरीदने में गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स के बीच टक्कर देखने को मिली लेकिन अंत में गुजरात जायंट्स 1 करोड़ 70 लाख रुपये में खरीदने में कामयाब रही।

**अनकैप्ड खिलाड़ी जी कमलिनी को मुम्बई ने खरीदा-**

अनकैप्ड खिलाड़ी जी कमलिनी को मुंम्बई इंडियंस ने 1.6 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा है। 16 वर्षीय खिलाड़ी को खरीदने में दिल्ली कैपिटल्स ने भी दिलचस्पी दिखाई लेकिन अंत में बाजी मुंबई ने मारी।





**सिमरन शेख गईं गुजरात में-**

सिमरन शेख नीलामी में अभी तक खरीदी गईं खिलाड़ियों में सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। उन्हें 1.9 करोड़ रुपये की बड़ी रकम देकर गुजरात जायंट्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। सिमरन शेख को लेकर दिल?ली कैपिटल?स और गुजरात जायंट्स में जंग देखने को मिली और बोली 1 करोड़ के पार पहुंच गई। इसके बाद भी बोली बढ़ती रही, लेकिन अंत में दिल?ली पीछे हट गई और 1.90 करोड़ में सिमरन को गुजरात जायंट्स ने ले लिया।

**प्रेमा रावत को आरसीबी ने खरीदा-**

ऑलराउंडर प्रेमा रावत को रॉयल चैलेंडर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ में खरीदा है। प्रेमा का बेस फाइस 10 लाख रुपये था। प्रेमा को खरीदने के लिए दिल?ली ने बोली की शुरुआत की लेकिन जल?द ही इसमें बेंगलुरु उतर गई और बोली 1 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। आखिर में दिल?ली पीछे हट गई और बेंगलुरु ने 1.20 करोड़ में खरीद लिया।

## शाकिब को ईसीबी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से किया गया निलंबित

एजेंसी,नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को ईसीबी द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है, क्योंकि लॉफ्बोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र परीक्षण सुविधा द्वारा उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। बाएं हाथ के इस स्पिनर को सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे के लिए खेलने के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। मैदानी अंपायर स्टीव ओ'शॉघनेसी और डेविड मिल्न्स ने शाकिब के गेंदबाजी एक्शन में खामी पाई, जिन्होंने उस खेल में नौ विकेट लिए थे, और बाद में उन्हें अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा गया। ईसीबी की विज्ञप्ति में कहा गया, शाकिब ने इस महीने की शुरुआत में लॉफ्बोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र मूल्यांकन पूरा किया, जिसमें पाया गया कि उनके गेंदबाजी एक्शन में कोहनी का विस्तार विनियमों में परिभाषित 15 डिग्री की सीमा से अधिक है। यह निलंबन 10 दिसंबर 2024 को स्वतंत्र मूल्यांकन की प्राप्ति से प्रभावी होगा, और संदिग्ध अवैध गेंदबाजी एक्शन के साथ रिपोर्ट किए गए गेंदबाजों की समीक्षा के लिए ईसीबी के विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगा। अपने 17 साल के करियर में यह पहली बार है, जब शाकिब की गेंदबाजी पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने 447 मैचों में 712 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सितंबर-अक्टूबर में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बना रखी है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण वह बांग्लादेश टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। शाकिब यूएई में अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज और बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे से भी चूक गए, जबकि उन्होंने अबू धाबी टी10 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# प्रदेशस्तरीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगी मुरादाबाद की संजना, अनिका और अमरोहा की दिव्यांशी





### तीनों चयनित खिलाड़ी रविवार को मुरादाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना

एजेंसी,मुरादाबाद

बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार क्षेत्री ने रविवार को बताया कि 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक प्रयागराज में होने वाली प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में मुरादाबाद की संजना, अनिका व अमरोहा कि दिव्यांशी का चयन हुआ है। यह तीनों चयनित खिलाड़ी आज सुबह प्रयागराज के लिए रवाना हो गई। संतोष कुमार क्षेत्री ने सब जूनियर बालिका वर्ग के इस टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार व शनिवार को मंडल स्तरीय ट्रायल सोनकपुर स्टेडियम में हुए। इसमें बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार क्षेत्री ने बताया कि 14 साल उससे कम उम्र वाली बालिका खिलाड़ी ही इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकती हैं। मुरादाबाद की संजना नवंबर में स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर संजना अनिका दिव्यांशी चुकी हैं। अब एक बार फिर स्टेट टूर्नामेंट में पदक जीतकर उनके पास नेशनल में जाने का मौका है। वहीं अनिका सुमन पहली बार स्टेट चौंपियनशिप खेलेंगी। जबकि अमरोहा कि दिव्यांशी के लिए भी यह नया मौका होगा। टीम मैनेजर मनीष सैनी तीनों बालिकाओं के साथ आज मुरादाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद यादव ने तीनों बालिका खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# वालीबाल प्रतियोगिता : कोलकाता ने मुंबई को दी मात, चंडीगढ़ ने बेंगलुरू को हराया

एजेंसी,लखनऊ

स्टेट बैंक अन्तर्मण्डलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोलकाता ने मुंबई को (पार्थ दास मैन ऑफ द मैच) हरा दिया। वहीं चंडीगढ़ ने बेंगलुरु को (सुरेश कुमार मैन ऑफ द मैच), मुंबई मेट्रो ने हैदराबाद को (रवि प्रकाश दुबे- मैन ऑफद मैच) को कड़े संघर्ष कर 2-1 से हराया, जबकि तिरुवनंतपुरम ने हैदराबाद को (अनिल कुमार चंद्रन- मैन ऑफ द मैच), जयपुर ने भुवनेश्वर को (अशोक कुमार- मैन ऑफ द मैच), अमरावती ने भोपाल को (के. यशवंत मैन ऑफद मैच), गुवाहाटी ने लखनऊ को (सुरेश कुमार मीणा मैन ऑफद मैच) तथा कोलकाता ने दिल्ली को (मनजीत सिंह मैन ऑफद मैच) को 2-0 से हराया। एसबीआईएसए के मंडल महामंत्री



दिनेश कुमार सिंह तथा अजय पांडे, मंडल अध्यक्ष ने सभी मैन ऑफद मैच के सम्मानित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आशुतोष वर्मा व तारकेश्वर चौहान (डीजीएस द्वय), बृजेश तिवारी-एजीएस तथा अमित सिंह (को.) आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अनिल तिवारी, मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोमवार को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में बैंक के डीएमडी बिनोद कुमार मिश्रा विजयी टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत व सम्मानित करेंगे।

# स्टीव स्मिथ ने जड़ा 33वां टेस्ट शतक

एजेंसी, नईदिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी खोई हुई फॉर्म प्राप्त कर ली है।भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ गाबा में खेले जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में उन्होंने कमाल की शतकीय पारी (101) खेली है।यह उनके टेस्ट करियर का 33वां और भारतीय टीम के खिलाफ 10वां शतक रहा। साल 2024 में यह उनका पहला टेस्ट शतक है।ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। स्मिथ ने 185 गेंदों का सामना करते हुए शतक पूरा किया। शुरुआती ओवरों में इस खिलाड़ी पर भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाया, लेकिन जैसे ही स्मिथ की नजरें जमीं उन्होंने आकर्षक शॉट लगाना शुरू कर दिया।एक समय ऑस्ट्रेलिया के 3 बल्लेबाज सिर्फ 75 रन पर पवेलियन में थे। यहां से स्मिथ ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर पारी संभाली।हेड के साथ स्मिथ ने 302 गेंदों में 241 रनों की साझेदारी निभाई। उन्होंने अपनी



पारी में 12 चौके लगाए। स्मिथ के टेस्ट करियर का यह 33वां शतक है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। दोनों बल्लेबाजों ने 32 टेस्ट शतक लगाए हैं।स्मिथ ने इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज एलिस्टेयर कुक की बराबरी कर ली है। कुक ने अपने टेस्ट करियर में 161 मैच खेले थे और इसकी 291 पारियों में 33 शतक लगाने में कामयाब रहे थे।वॉ ने 168 टेस्ट मैचों में 32 शतक लगाए थे।

स्मिथ अब ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले स्थान पर रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने 168 टेस्ट की 287 पारियों में 41 शतक लगाए थे। स्मिथ अब 33 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।सक्रिय खिलाड़ियों में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट ने लगाए हैं। उनके बल्ले से 152 टेस्ट में 36 शतक निकले हैं।विराट कोहली के नाम टेस्ट में 30 शतक है।

स्मिथ संयुक्त रूप से भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट ने 55 पारियों में भारतीय टीम के खिलाफ 10 टेस्ट शतक लगाए हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया है।पोंटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए थे। स्मिथ के अब 15 शतक हो गए हैं।

स्मिथ ने पहला टेस्ट साल 2010 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने 112 मुकाबले खेले हैं। इसकी 199 पारियों में 56.35 की औसत से 9,805 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 33 शतक के अलावा 41 अर्धशतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 रन रहा है।स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन (3,417) इंग्लैंड के खिलाफ बनाए हैं। भारत के खिलाफ इस खिलाड़ी के बल्ले से 22 मैच में 2,162 रन निकले हैं।

# ट्रेविस हेड ने लगातार दूसरे टेस्ट में जड़ा शतक

एजेंसी,नईदिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड की शानदार फॉर्म जारी है। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ ब्रिस्बेन के गाबा में खेले जा रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट में उन्होंने कमाल की शतकीय पारी खेली है।यह उनके टेस्ट करियर का 9वां और भारतीय टीम के खिलाफ तीसरा शतक रहा। उनकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पारी संभाल ली है। हेड ने इससे पहले एडिलेड में भी शतकीय पारी खेली थी।आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

हेड ने 115 गेंदों का सामना करते हुए शतक पूरा किया। उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में बल्लेबाजी की और मौके मिलने पर आकर्षक शॉट लगाए।एक समय 75 रन पर कंगारू टीम के 3 बल्लेबाज पवेलियन में थे। यहां से हेड ने स्टीव स्मिथ के साथ मिलकर पारी संभाली।इस सीरीज में अब तक कुछ खास कमाल नहीं कर पाए स्मिथ ने एक छोर संभाले रखा। पहले 2 टेस्ट में हेड ने 11, 89 और 140 के स्कोर बनाए थे।





हेड ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2018 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 52 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 85 पारियों में 3,500 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके टेस्ट करियर का यह 9वां शतक है। उन्होंने 18 अर्धशतक भी जड़े हैं। अपने टेस्ट करियर में हेड ने सबसे ज्यादा रन भारत के खिलाफ ही बनाए हैं।ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर हेड का यह 8वां शतक है। हेड ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 13 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 50 से ज्यादा की औसत के साथ 1,000 से ज्यादा रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 3 शतक और 5 अर्धशतक अपने नाम किए हैं। उन्होंने इस सीरीज से पहले भारत के खिलाफ पिछला टेस्ट शतक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल में बनाया था।भारतीय टीम के खिलाफ उनके पिछले 5 स्कोर क्रमश: 140, 89, 11,18 और 163 रन हैं। गाबा में इस मुकाबले से पहले हेड ने 3 पारियों में 1 भी रन नहीं बनाया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 पारियों में और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1 पारी में वह खाता खोले बिना पवेलियन लौटे थे।गाबा के मैदान पर भारत के खिलाफ टेस्ट शतक लगाने वाले हेड 5वें ऑस्ट्रेलियाई हैं। उनसे पहले मार्नस लाबुशेन, जस्टीन लेंगर, स्मिथ और डॉन ब्रैडमैन ने यह कारनामा किया है।हेड के सभी टेस्ट शतक में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है।

Scanned with OKEN Scanner

# सर्दियों में स्टाइलिश ब्लेजर खूबसूरती पर लगाएंगे चार चांद

सर्दियों में ब्लेजर युवा की पहली पसंद रहती है। आकर्षक ब्लेजर आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे। ब्लेजर ऐसा ट्रेंडी आउटफिट है जो आपके सिंपल लुक को भी स्टाइलिश बना देता है। आपको ब्लेजर खरीदने से पहले कुछ बात ध्यान में रखना भी जरूरी है।

### आकर्षक लुक देगा ब्लेजर

अगर आप घूमने-फिरने की शौकीन हैं तो वेकेशन्स के लिए ब्लेजर आपको इनफॉर्मल और अच्छा लुक भी दे सकता है।



### शर्ट पैंट के साथ ब्लेजर

अगर आपको ऑफिस के लिए ब्लेजर चाहिए तो उसके साथ अपने वॉर्डरोब के लिए शर्ट और पैंट भी ले सकती हैं, कुछ इस तरह। इन शर्ट-पैंट में आप बेहद आकर्षक लगेंगी।



### फुल स्लीव्ड

यह वाइट फुल स्लीव्ड ब्लेजर आपको फॉर्मल लुक के साथ-साथ स्टाइलिश भी बनाएगा। इसको पहन कर आपका लुक अलग सा नजर आएगा।

### ब्रा के साथ ब्लेजर

अगर आप पार्टी पर्सन हैं तो कुछ ब्रा के साथ ब्लेजर भी कैरी कर सकती हैं।

### ओवरकोट

महिलाओं को ओवरकोट स्टाइल ब्लेजर भी बहुत पसंद रहती है। इससे न सिर्फ ठंड से बचेंगी बल्कि आपका स्टाइल अलग ही नजर आएगा।

### ट्राई करिए स्ट्राइप्स

स्टाइप्स का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होता। अगर आप कुछ हटके ब्लेजर लेना चाहती हैं तो आप भी इसे ट्राई कर सकती हैं।



# सर्दियों में रोजाना नहाना क्यों है नुकसानदायक

सर्दियों की सुबह जब नहाने की बारी आती है तो कई लोग नहाने के नाम से जी चुराने लगते हैं। ऐसे लोगों के लिए अच्छी खबर है। पूरी दुनिया के स्किन एक्सपर्ट्स का कहना है कि रोजाना नहाने से हमारी स्किन को नुकसान हो सकता है। जानें, सर्दी में सुबह हर रोज नहाना हमारे लिए क्यों नुकसानदायक है।

बॉस्टन (अमेरिका) के डर्मेटॉलजिस्ट डॉक्टर रनेला का कहना है कि लोग रोजाना गंदे होने की वजह से नहीं बल्कि समाज के प्रेशर की वजह से नहाते हैं। कई स्टडीज में यह साबित हो चुका है कि स्किन में खुद को साफ करने की बेहतर क्षमता होती है। अगर आप जिम नहीं जाते या रोजाना पसीना नहीं बहाते, धूल-मिट्टी में नहीं रहते तो आपके लिए रोजाना नहाना जरूरी नहीं है।

### स्किन हो जाती है ड्राई

अगर सर्दियों में गरम पानी से देर तक नहाते हैं तो यह फायदे से ज्यादा आपको नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसा करने से आपकी स्किन ड्राई हो सकती है क्योंकि नैचरल ऑइल्स निकल जाते हैं। ये ऑइल आपको मॉइश्चराइज्ड और सुरक्षित रखते हैं। अगर आपको रोजाना नहाना जरूरी है तो 10 मिनट से ज्यादा देर न नहाएं।

### कुछ बैक्टीरियाज भी हैं जरूरी

आपकी स्किन अच्छे बैक्टीरिया पैदा करती है जो कि इसको हेल्दी रखते हैं और केमिकल्स के टॉक्सिन्स से बचाते हैं। जॉर्ज वॉशिंग्टन यूनिवर्सिटी (वॉशिंग्टन डीसी, यूएस) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सी ब्रैंडन मिशेल का कहना है कि नहाने से स्किन के नैचरल ऑइल्स निकल जाते हैं जिससे गुड बैक्टीरिया भी हट जाते हैं। ये बैक्टीरिया इम्यून सिस्टम को भी सपॉर्ट करते हैं। इसलिए सर्दियों में हमें हफ्ते में दो या तीन दिन ही नहाना चाहिए।

### नाखूनों को पहुंचता है नुकसान

रोज गरम पानी से नहाने से आपके नाखूनों को भी नुकसान पहुंचता है। नहाते वक्त आपके नाखून पानी अवशोषित कर लेते हैं फिर सॉफ्ट होकर टूट जाते हैं। इनका नैचरल ऑइल भी निकल जाता है जिससे ये रूखे और कमजोर हो जाते हैं।

### पानी की बबादी

पर्सनल से ज्यादा अगर सोशल कंसर्न के बारे में सोचें तो रोजाना नहाने से पानी की बर्बादी भी होती है। एक स्टडी के मुताबिक एक व्यक्ति के नहाने में रोजाना 55 लीटर पानी बर्बाद होता है। भले ही आप शॉवर लें फिर भी पानी की बर्बादी तो होती ही है।

# मेकपअप के लिए जरूरी है परफेक्ट ब्राइडल लिपस्टिक

### स्किन टोन, मेकअप और लिप साइज के शेड्स बेहतर

शादी पार्टी में आकर्षक बनने के लिए आप क्या-क्या तैयारियां नहीं करती हैं। सही आउटफिट से लेकर मैचिंग जूलरी और परफेक्ट मेकअप। किस कपड़े के साथ कौन सी ऐक्सेसरी पहननी है, आप हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखती हैं। हालांकि, इन सब तैयारियों के बाद अगर आपने सही लिपस्टिक नहीं चुनी तो सारा स्टाइल गेम भी बिगड़ सकता है। आपको बताते हैं कि अपने ब्राइडल लुक के लिए आपको कैसी लिपस्टिक खरीदनी चाहिए।




### शेड्स

कोरल, पिंक और रेड लिपस्टिक के सबसे लोकप्रिय शेड हैं। इसके अलावा स्किन टोन, मेकअप और लिप साइज भी के हिसाब से भी शेड्स चुने जा रहे हैं।

### न्यूड

न्यूड लिपस्टिक आपको क्लासिक लुक देगा। फेयर स्किन टोन पर यह काफी सूट करते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहती हैं कि आपका आई मेकअप और ड्रेस ज्यादा हाइलाइट हों तो आप न्यूड लिपस्टिक ही चुनें।

### पिंक

मीडियम स्किन टोन पर पिंक लिपस्टिक जचती है। यह आपके लुक को एक रोमांटिक टच देता है। पिंक में भी कई तरह के शेड्स अवेलेबल हैं जिनमें से आप अपनी पसंद की लिपस्टिक चुन सकती हैं।

### रेड

रेड क्लासिक ब्राइडल कलर है। यह बोल्ड भी है और स्टाइलिश भी। अगर आपने हेवी आई मेकअप नहीं किया है तो आप बोल्ड रेज लिपस्टिक ट्राई कर सकती हैं।

### लिपस्टिक टाइप

मैटल आपको ड्रैमेटिक और बोल्ड अपियरेंस देता है। अगर आपको पाउट वाले फोटोज खिंचाना पसंद है तो आपको मैट लिपस्टिक ही यूज करें।

### ड्राई लिप्स हैं तो ग्लॉस सही ऑप्शन

अगर आपके ड्राई लिप्स हैं तो ग्लॉस का इस्तेमाल करें। अगर आप किसी तरह के फ्लॉ से बचना चाहती हैं तो भी ग्लॉस आपके लिए सही ऑप्शन है।

### सेमी ग्लॉस

सेमी ग्लॉस से आपके लिप्स मॉइश्चराइज्ड रहते हैं और मैट लुक की बोल्डनेस भी मिलती है।

### लिप साइज

सही लिपस्टिक चुनने में लिप का साइज भी अहम है। अगर आपके होंठ पतले हैं तो आपको डार्क कलर्स से बचना चाहिए। वहीं बड़े होंठों पर डार्क कलर्स आपके मेकअप में चार चांद लगा देंगे।



# छिपानी पड़ेगी आपको अपनी मेकअप किट वक्त का तकाजा है

इस उम्र में शरीर से थोड़ा पसीना आने पर भी तेज गंध आने लगती है। ऐसे में बच्चे अपने शरीर पर डियो और परफ्यूम का अधिक इस्तेमाल करने लगते हैं। उनके लिए अधिक मात्रा में और अलग-अलग ब्रैंड्स का परफ्यूम अप्लाई करना दोस्तों पर इंप्रेशन जमाने का एक तरीका हो सकता है। यह पढ़कर आपको अजीब जरूर लगेगा कि हम आपसे आपकी मेकअप किट छिपाने के लिए कह रहे हैं... लेकिन अगर आपके घर में कोई नन्हा-मुन्ना है तो आपको अपनी मेकअप किट छिपाने की बहुत जरूरत है। वहीं, अगर आपके घर में टीनेजर्स हैं तो आपको उन्हें डियो और परफ्यूम के इस्तेमाल को लेकर कुछ जरूरी बातें बतानी चाहिए।

### ड्रेसिंग को लॉक रखें

छोटे बच्चों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपने मुंह में क्या डाल रहे हैं। टुडलर्स के हाथ में जो भी आता है, वे उस सामान को उठाकर अपने मुंह में ले लेता है। ऐसे में आपको अपना पाउडर, नेल पेंट, लिपस्टिक, काजल, आईलाइनर और परफ्यूम जैसे प्रॉडक्ट छोटे बच्चों की पहुंच से दूर रखने चाहिए।

### बच्चे के लिए हैं हानिकारक

अगर छोटे बच्चे लिपस्टिक, काजल या पाउडर जैसी चीजें निकल लें तो उन्हें गले के इंफेक्शन सहित कई तरह की दिक्कत हो सकती है। इन प्रॉडक्ट्स से वे अपनी आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### टीनेजर्स के लिए जरूरी

टीनऐज में शरीर में हॉर्मोनल चेंज बहुत तेजी से हो रहा होता है। ऐसे में इस उम्र में शरीर से थोड़ा पसीना आने पर भी तेज गंध आने लगती है। ऐसे में युवा अपने शरीर पर डियो और परफ्यूम का अधिक इस्तेमाल करने लगते हैं।



# सर्दियों में क्या सचमुच बुरा होता है दही

सर्दियों में मौसम का मजा हर कोई लेना चाहता है लेकिन कई बार इसका खामियाजा सेहत को भुगतना पड़ता है। बढ़ती ठंड के साथ ही हमें खानपान को लेकर काफी सावधान होना पड़ता है जिससे सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां न हों। ऐसे में हमें अपना फेवरिट दही छोड़ना पड़ता है। क्या सच में दही ठंड में नहीं खाना चाहिए। आइए आपको बताते हैं ठंड में दही खाने के क्या नुकसान हैं। क्या कहता है आयुर्वेद के अनुसार ठंड में दही नुकसानदेह होता है। जिन लोगों को पहले से सांस की बीमारी, अस्थमा जैसे रोग हों उन्हें दही से परहेज करना चाहिए।

### विज्ञान क्या कहता है

दही में बहुत सारे अच्छे बैक्टीरिया होते हैं। यह इम्यूनिटी भी बढ़ाता है। इसमें कैल्शियम, विटमिन बी-12 भरपूर मात्रा में होते हैं। हालांकि, जिन लोगों को ऐलर्जी या सांस की बीमारी है उन्हें शाम के बाद दही खाने से परहेज करना चाहिए। तो अगर आपको भी दही पसंद है, तो सर्दियों में इसे पूरी तरह छोड़ने की जरूरत नहीं है। अबको इसका सेवन सीमित कर देना चाहिए। इसके अलावा ठंड से अपना बचाव करें जिससे सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचे रहें।



# खुशियां ही नहीं पिता की उम्र भी बढ़ा देती हैं बेटियां

माता-पिता की जिंदगी खुशियों से भर देने के साथ बेटियां पिता की जिंदगी के कुछ और साल भी बढ़ा देती हैं। यह बात एक अध्ययन में कही गई है। पोलैंड की जेगीलोनियन यूनिवर्सिटी के अध्ययन में दावा किया गया है कि बेटियों के पिता उन लोगों के मुकाबले लंबी उम्र जीते हैं, जिनके यहां बेटियां नहीं होती।

### बेटा होने का पुरुष की सेहत पर नहीं पड़ता कोई असर

अध्ययन में पता चला कि बेटा होने का तो पुरुष की सेहत या उम्र पर कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन बेटी होने पर पिता की उम्र 74 हफ्ते बढ़ जाती है। पिता के यहां जितनी ज्यादा लड़कियां होती हैं, वे उतनी लंबी उम्र जीते हैं।

### एक अलग तरह का शोध बताया गया

यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बच्चों का पिता की सेहत और उम्र पर असर जानने के लिए 4310 लोगों का डाटा लिया। इसमें 2147 माताएं और 2163 पिता थे। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह अपनी तरह का पहला ऐसा शोध हैं। इससे पहले बच्चों के पैदा होने पर मां की सेहत और उम्र को लेकर कई अध्ययन किए जा चुके हैं।

### बेटा-बेटी का मां की सेहत पर नकारात्मक असर

यूनिवर्सिटी के एक शोधकर्ता के मुताबिक, बेटियों की बजाय बेटों को प्राथमिकता देने वाले पिता अपनी जिंदगी के कुछ साल खुद ही कम कर लेते हैं। साथ ही शोधकर्ता ने कहा कि वह उन लोगों के लिए बेहद दुखी महसूस करते हैं जो बेटियों के बजाय बेटों को महत्व देते हैं।

# ड्राई स्किन से हैं परेशान तो घरेलू नुस्खें से मिलेगा आराम

### त्वचा में नमी रखें

त्वचा को सूखने से बचाने का सबसे आसान उपाय उसे नम रखना है। स्किन मॉइश्चराइजर इस काम में आपकी बहुत ज्यादा मदद कर सकते हैं। खास बात यह है कि मॉइश्चराइजर जितना ज्यादा गाढ़ा और चिकना होगा, उतना ही ज्यादा प्रभावी होगा। इसमें तीन तरह की मुख्य वस्तुएं होती हैं।

**1- ह्यूमेक्टेंट्स जो नमी को आकर्षित करते हैं और इसमें सेरेमाइड्स, ग्लिसरीन, सॉर्बिटॉल, हायएल्यूरोनिक एसिड और लेसिथिन होते हैं।**

**2- दूसरा समूह होता है पेट्रोलेटम (पेट्रोलियम जेली), सिलिकॉन, लेनोलिन और मिनरल ऑइल का। यह नमी को त्वचा में ही कायम रखने में मदद करते हैं।**

**3- लिनोलेइक, लिनोलेनिक और लॉरिक एसिड्स जैसे एमोलिएंट्स। यह त्वचा के सेल्स के बीच की जगहों को भरकर उसे मुलायम बनाए रखते हैं।**

कुल मिलाकर सबसे प्रभावी (और सबसे किफायती) की श्रेणी में पेट्रोलियम जैली और मॉइश्चराइजिंग ऑइल (जैसे मिनरल ऑइल) को रखा जा सकता है। दरअसल, इनमें पानी का अंश नहीं होता और नहाने के बाद त्वचा को नम रखने में यह सहायक होते हैं। कम चिकने मॉइश्चराइजर ज्यादा आकर्षक मगर कम प्रभावी होते हैं।

ड्राई स्किन या सूखी त्वचा असल में बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन ध्यान न दिए जाने पर यह एक्जिमा (लाल चकत्ते) या घावों से खून के रिसाव की वजह बनती हैं। एक अन्य संभावित परेशानी सेकंडरी बैक्टीरियल इन्फेक्शन (लाल त्वचा, सूजन, पस) होता है जिसमें एंटीबायोटिक्स लेने की जरूरत पड़ जाती है। बहुत कम मामलों में ही सही, सूखी त्वचा का एलर्जी से भी संबंध पाया जाता है।

### कब मिलें डॉक्टर से

मौसम में बदलाव या उम्र बढ़ना आपकी त्वचा के सूखने की वजह न हो तो डॉक्टर से मिलना ही बेहतर विकल्प होगा। हो सकता है त्वचा का कोई और रोग हो। घरेलू उपचार या बाजार से लाए गए मॉइश्चराइजर त्वचा के सूखने की समस्या को और अधिक ना बढ़ा दें।



### सूखी त्वचा से कैसे बचें?

- गर्म पानी से नहाने या शॉवर करने की अवधि को 5 से 10 मिनट तक ही सीमित कर दें। जितना ज्यादा नहाएंगे त्वचा की तैलीय परत कम होती जाएगी।
- नहाने के लिए बहुत गर्म पानी की बजाय कुनकुना (गुनगुना) पानी इस्तेमाल करें।
- साबुन का इस्तेमाल कम से कम करें।
- सेटाफिल, ऑइलटम-एडी, एक्वेनिल जैसे सोप-फ्री क्लीन्सर्स का इस्तेमाल करें।
- खुशबूदार साबुन, अल्कोहल से दूरी बनाएं।
- बाथ स्पंज, स्क्रब ब्रश और कपड़े धोने को टालें।
- नहाने के बाद शरीर को सूखाने के दौरान टॉवेल को जोर से न रगड़ें।
- नहाने या हाथ धोने के तत्काल बाद मॉइश्चराइजर लगाएं।
- पेट्रोलियम जैली और गाढ़े क्रीम्स का चिपचिपापन टालने के लिए पहले उसे कुछ देर हाथ में मलें फिर शरीर के प्रभावित हिस्से पर लगाएं।
- त्वचा पर कभी न खुजाएं। मॉइश्चराइजर लगाने पर वैसे इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी।
- खुजली वाले हिस्से पर कोल्ड पैक से भी राहत मिल सकती है।
- खुजली पैदा करने वाले वूलन स्वेटर, जैकेट सीधे शरीर पर न पहनें। पहले कॉटन के कपड़े पहनें, उसके ऊपर ऊनी कपड़े पहनें।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner